चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 316, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 16 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

दिव्यांग पूर्व वायुसेना अधिकारी के साथ ड्राइवर ने किया दुर्व्यवहार, ओला कैब कंपनी को नोटिस

नई दिल्ली। मुख्य आयुक्त (दिव्यांग व्यक्तियों के लिए) ने ओला कैब के एक ड्राइवर द्वारा 80 प्रतिशत लोकोमोटर दिव्यांगता वाले पैरा शूटर, विंग कमांडर शांतनु के साथ किए गए दुर्व्यवहार के संदर्भ में ओला कैब कंपनी को नोटिस जारी किया है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि वायुसेना के पूर्व अधिकारी शांतनु सिंह ने सीसीपीडी में की गई अपनी शिकायत में बताया कि 12 दिसंबर को करणी सिंह शूटिंग रेंज से थोड़ी दूरी की यात्रा करने के लिए उन्होंने एक ओला कैब बुक की, जहां वह पहले खेलो इंडिया पैरा गेम्स में भाग लेने के लिए 3 किलोमीटर दूर एक स्थान पर आए थे।

शांतनु सिंह की पत्नी ने कैब के ड्राइवर से बूट स्पेस में सीएनजी किट लगी होने के कारण फोल्डेड व्हीलचेयर को पिछली सीट पर रखने का अनुरोध किया लेकिन कैब ड्राइवर ने उन्हें ऐसा करने से मना कर दिया। इसके अलावा कैब ड्राइवर ने वायुसेना के पूर्व अधिकारी की पत्नी के साथ दुर्व्यवहार किया और शांतनु सिंह और उनकी पत्नी को कैब से उतर जाने को कहा।

पिटाई का बदला लेने के लिए नाबालिगों ने रची हत्या की साजिश

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में पिटाई का बदला लेने के लिए छह नाबालिगों ने मिलकर एक 17 वर्षीय लड़के की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार, आरोपितों ने मृतक को शराब पिलाने के बहाने बुलाया, फिर चाकू और ईंट से वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में तीन नाबालिगों को पकड़ लिया है। बाकी फरार तीन नाबालिगों की पुलिस तलाश कर रही है। हत्या में इस्तेमाल दो चाकू भी बरामद कर लिये गये हैं। बताया जा रहा कि मृतक पर कई बार चाकू से हमला किया गया था। डीसीपी चंदन चौधरी ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 7:30 बजे मालवीय नगर पुलिस को सूचना मिली कि खिड़की एक्सटेंशन स्थित सतपुला पार्क में एक लड़के का शव पड़ा हुआ है।

भजनलाल शर्मा ने ली राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ

दिया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने उप मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

जयपुर।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में राज्यपाल कलराज मिश्र ने शुक्रवार को रामनिवास बाग में आयोजित भव्य समारोह में भजन लाल शर्मा को मुख्यमंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। राज्यपाल मिश्र ने इस अवसर पर दिया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा को उप मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रदेशभर से पधारे साधु-संतों ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को आशीर्वाद दिया।

शपथ ग्रहण समारोह में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितीन गडकरी, केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कैलाश चौधरी, सांसद जेपी नड्डा, सी.पी. जोशी, रामचरण बोहरा, अरूण सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे एवं अशोक गहलोत, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, नागालैंड के उप मुख्यमंत्री यानथुंगो पैतन सहित वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मिलित हुए। शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित विधायक और अपार जनसमूह उपस्थित रहा।

शपथ ग्रहण समारोह से पूर्व पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन का वादन हुआ। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने शपथ ग्रहण से संबंधित कार्यवाही का संचालन किया। बाद में सभी ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का अभिनंदन करते हुए उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री शर्मा शुक्रवार को शपथ ग्रहण करने के बाद शाम को शासन सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना करते हुए पदभार संभाला। इस अवसर पर केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, राजस्थान विधानसभा के मनोनीत अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, डॉ. प्रेम चंद बैरवा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, सांसद सीपी जोशी, रामचरण बोहरा, विधायक कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, दीप्ति किरण माहेश्वरी, महंत बाल मुकुंदाचार्य, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व मंत्री अरूण चतुर्वेदी, पूर्व विधायक अशोक परनामी, पूर्व उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां उपस्थित रहे।

इस दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय में मुख्य सचिव उषा शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी अभिवादन कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने शासन सचिवालय स्थित गणेश मंदिर में भी पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेश में खुशहाली और सुख समृद्धि के लिए कामना की। इसके साथ ही उन्होंने उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी को भी पदभार ग्रहण कराया।

ओमान के सुलतान हैथम बिन तारिक तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचे

नई दिल्ली

ओमान के सुलतान हैथम बिन तारिक तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर आज नई दिल्ली पहुंचे। उनके साथ वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने उनका स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची के अनुसार यह यात्रा दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही मित्रता और सहयोग तथा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार शनिवार को राष्ट्रपति भवन में उनका औपचारिक स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। शाम को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उनसे मिलेंगे। इसके बाद सुल्तान राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। सुल्तान हैथम बिन तारिक की भारत की यह पहली राजकीय यात्रा है। मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय चर्चा के बाद उनके सम्मान में दोपहर भोज का भी आयोजन किया जाएगा।

चुनावी हार की हताशा में संसद की कार्यवाही बाधित कर रहा विपक्ष: अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि विपक्षी दल विधानसभा चुनाव में हार पर चिंतन करने की बजाय इसकी हताशा में संसद की कार्यवाही बाधित कर रहे हैं। विपक्षी दलों के इस रवैए से स्पष्ट है कि उनका जनता के साथ जुड़ाव समाप्त हो चुका है।

दिल्ली के नजफगढ़ में भाजपा किसान मोर्चा की जिला स्तरीय नमो कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचे अनुराग ठाकुर ने पत्रकारों से कहा कि संसद सुरक्षा की जिम्मेदारी सचिवालय की है। लोकसभा स्पीकर ने सर्वदलीय बैठक बुलाकर उनसे बात की और उनके सुझाव भी लिए। विपक्ष को चाहिए था कि वह अपने सुझाव या बदलाव इस बैठक में रखते। असल बात ये है कि तीन राज्यों की हार से विपक्ष आज मुद्दाविहीन है और उनके हौसले पस्त हो चुके हैं। वे अब सिर्फ सदन में हंगामे के दम पर जनहित के कार्यों को रोकने में लगे हैं। इस मौके पर खिलाड़ियों से सार्थक परिचर्चा करते हुए ठाकुर ने कहा कि आज भारत में चारों ओर खेल सुविधाओं का विस्तार हो रहा है और पूरे विश्व में भारत की जय-जयकार हो रही है। खेलों के क्षेत्र में भारत नित नये कीर्तिमान बना रहा है और इसका पूरा श्रेय हमारे खिलाड़ियों की मेहनत और खेलों के विकास को लेकर मोदी सरकार की नीतियां हैं। आज पूरे भारत में विभिन्न खेल आयोजनों-प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों को खेलने-निखरने का मंच मिल रहा है।

प्रख्यात संगीतकार अनूप घोषाल का निधन, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

कोलकाता

प्रख्यात संगीतकार एवं गायक डॉ. अनूप घोषाल का शुक्रवार को 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। शुक्रवार दोपहर बाद उन्होंने आखिरी सांस ली।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पर ममता ने लिखा है कि प्रमुख संगीतकार डॉ. अनूप घोषाल के निधन से बहुत दुखी हूं। उनके गाने आज भी लोगों की जुबान पर हैं। पश्चिम बंगाल सरकार ने उन्हें 2011 में "नजरुल स्मृति पुरस्कार" और 2013 में "संगीत महासम्मान" से सम्मानित किया। अनूप घोषाल का निधन संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। अनूप घोषाल के रिश्तेदारों और प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।

उल्लेखनीय है कि अनूप मुख्यतः नजरुल गीति के लोकप्रिय गायक थे। उन्होंने चार साल की उम्र में संगीत सीखना शुरू किया था और 26 साल की उम्र तक संगीत सीखा। नजरूल गीति के अलावा ठुमरी, ख्याल, भजन, रागप्रधान, रवीन्द्र संगीत, द्विजेन्द्र गीति, रजनीकांत के गीत, आधुनिक बांग्ला गीत और लोकगीतों में उन्होंने अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी। उनके संगीत गुरुओं में संगीताचार्य तारापद चक्रवर्ती, दिवंगत संगीताचार्य सुखेंदु गोस्वामी, महान देवब्रत विश्वास, मणिंद्र चक्रवर्ती जैसे दिग्गज शामिल हैं।

राजौरी गार्डन इलाके से मुक्त कराए गए 16 बाल मजदूर

नई दिल्ली

राजौरी गार्डन इलाके में मारे गए छापों में ढाबों व ऑटो के कल पुर्जे बेचने वाली दुकानों से 16 बच्चों को मुक्त कराया गया। स्थानीय एसडीएम आशीष कुमार की अगुआई में छापों की यह कार्रवाई एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन जिसे बचपन बचाओ आंदोलन के नाम से भी जाना जाता है और बाल विकास धारा के सहयोग से हुई। कार्रवाई में श्रम विभाग के अधिकारी तथा राजौरी गार्डन और हरि नगर थानों के प्रभारी भी शामिल थे।

इस कार्रवाई में मुक्त कराया गए एक बाल मजदूर की उम्र महज दस साल है। छापे में शामिल अफसरों और बीबीए की टीम के सदस्यों ने जब बच्चे को अच्छे खाने का लालच दिया तब कहीं जाकर उसका डर कुछ कम हुआ। खाने के बाद उसने बातचीत शुरू की और बताया कि वह आटो के कल पुर्जे बेचने वाली एक दुकान में पिछले साल भर से काम कर रहा था। बच्चे ने अपने पिता का नाम तो बताया पर उनका फोन नंबर या अपने गांव का नाम नहीं बता पाया।

शेयर बाजार में बना कमाई का रिकॉर्ड, 11 दिनों में निवेशकों को 22 लाख करोड़ का मुनाफा

नई दिल्ली

शेयर बाजार के निवेशकों के लिए दिसंबर काफी फायदे वाला महीना साबित होता नजर आ रहा है। इस महीने अभी तक कुल 11 दिन कारोबार हुआ है। इन 11 कारोबारी दिनों में शेयर बाजार के निवेशकों ने अभी तक 22 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। माना जा रहा है कि तीन राज्यों में हुई भाजपा की जीत, मजबूत ग्लोबल संकेत और कच्चे तेल की कीमत में आई नरमी की वजह से घरेलू शेयर बाजार ने ये रफ्तार पकड़ी है। इन 11 कारोबारी दिनों में से 9 दिन ऐसे रहे हैं, जब शेयर बाजार में ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया है। शेयर बाजार में आई तेजी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले महीने के आखिरी कारोबारी दिन 30 नवंबर को सेंसेक्स 66,988 .44 अंक के स्तर पर बंद हुआ था, जबकि आज सिर्फ 11 दिन में ही सेंसेक्स 4,495 .31 अंक उछल कर 71,483 .75 अंक के स्तर पर पहुंच गया है।

एचएएल से अपग्रेड होने के बाद सुखोई-30 भारतीय जेट हो जाएगा : वायु सेना प्रमुख

नई दिल्ली

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से अपग्रेड होने के बाद लड़ाकू सुखोई-30 रूसी जेट नहीं रहेगा बल्कि 78 फीसदी स्वदेशी हो जायेगा। पहले चरण में 84 सुखोई-30 को बड़े पैमाने पर अपग्रेड किया जाएगा, ताकि आने वाले वर्षों में इसे अन्य भारतीय निर्मित विमानों के साथ काम करने के लिए 4.5 से अगली पीढ़ी का जेट बनाया जा सके। सरकार ने इसके लिए 64 हजार करोड़ रुपये मंजूर किये हैं, जिससे राडार, मिसाइल, सेंसर और एवियोनिक्स बदला जाना है।

केंद्र सरकार ने लम्बे इंतजार के बाद 30 नवम्बर को 2.23 लाख करोड़ रुपये के विभिन्न पूंजीगत अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) के संबंध में मंजूरी दी थी। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की इसी बैठक में रक्षा मंत्रालय ने एचएएल से स्वदेशी तौर पर सुखोई-30 एमकेआई विमान को अपग्रेड करने के लिए मंजूरी दी है। मंजूर किये गए 64 हजार करोड़ रुपये से 84 लड़ाकू सुखोई-30 विमानों को अपग्रेड किया जाना है। सुखोई की मारक क्षमता बढ़ाने के लिए इसमें ऐसा राडार, नये इंजन, आईआरएसटी सेंसर अगली पीढ़ी के आरडब्ल्यूआर, एडवांस जैमर, वैमानिकी, नए ईडब्ल्यू सूट, डीएफसीसी, भारतीय मिसाइलें और बम लगाए जाने हैं।

वायु सेना प्रमुख वीआर चौधरी ने एक समारोह में कहा कि एचएएल में अपग्रेड होने के बाद सुखोई-30 अब रूसी जेट नहीं रहेगा, बल्कि 78 फीसदी स्वदेशीकरण होने के बाद भारतीय जेट में बदल जायेगा।

वायु सेना ने सुखोई लड़ाकू विमानों को उन्नत करने का काम शुरू कर दिया है। चौधरी ने कहा कि वायु सेना के मिराज-2000, सुखोई-30 एमकेआई और मिग 29 विमान 30 से 35 साल पुराने हैं। इनकी कुछ तकनीक पुरानी हो रही है। यह तीसरी पीढ़ी के लड़ाकू विमान हैं, इसलिए इन्हें पांचवीं पीढ़ी या नवीनतम तकनीक के साथ अपग्रेड करना जरूरी हो गया है। फिलहाल भारतीय वायुसेना ने खुद ही मिराज-2000 और मिग-29 लड़ाकू बेड़े को उन्नत किया है।

उन्होंने रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास संघर्ष की ओर इशारा करते हुए कहा कि इनसे सबक लिया जा सकता है कि भविष्य के युद्ध आयातित हथियारों से नहीं लड़े जा सकते। हमें अपनी हथियार प्रणालियों, विशेषकर वायु प्रक्षेपण रक्षा को स्वदेशी बनाना होगा। हमने ड्रोन का मुकाबला करने के लिए स्वदेशी वायु रक्षा प्रणालियों को शामिल किया है।

हालांकि, हाइपरसोनिक खतरे का मुकाबला करने के लिए हमारे पास अभी भी प्रभावी तकनीक नहीं है लेकिन हमने ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' को शामिल किया है। निगरानी क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए हमारे पास तीन एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम हैं, जिन्हें 'नेत्रा' सिस्टम नाम दिया गया है।

मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना में 91 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

अखंड भारत संदेश

सरकार के प्रयासों और सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार है सामूहिक विवाह का आयोजन : राजमणि कोल

गरीब बेटियों की शादी का जिम्मा ले रखी है सरकार : धीरेंद्र कुमार यादव

कोरांव। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार अमीर और गरीब की खाई को पाटने का काम कर रही है। देश को वैभवशाली बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार काम कर रहे हैं। यह बातें कोरांव विधायक राजमणि कोल ने कोरांव बाजार के एक भागीरथी गार्डेन में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। विधायक राजमणि कोल ने वर वधुओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि 2014 में जब नरेंद्र मोदी की व 2017 में विशुद्ध हिंदी बोलने वाले महान संत योगी आदित्यनाथ की प्रदेश में सरकार बनी तो जो गरीब, गरीब ही रह गए थे उनके भी दिन बहुरने लगे। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपना है कि 2047 में जब देश आजादी की स्वर्ण जयंती मनाएगा तो देश के अंदर कोई गरीब अशिक्षित और बेरोजगार नहीं रहेगा। इस दिशा में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री युद्ध स्तर पर काम कर रहे हैं। जिस सोच का ही परिणाम मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन है। बेटियों की शादी के लिए अब गरीबों को परेशान होने की जरूरत नहीं है सरकार खुद उनके विवाह का जिम्मा ले रखी है। ब्लॉक प्रमुख कोरांव मुकेश कोल ने वर वधुओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि जो आज 91 जोड़े एक साथ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दांपत्य सूत्र के बंधन में बंधे हैं वे सब सौभाग्यशाली हैं। उन्होंने सबके जीवन में खुशहाली की कामना की। नगर पंचायत कोराव के अध्यक्ष ओमप्रकाश केसारी ने सामूहिक विवाह समारोह में उपस्थित होकर वर वधुओं को आशीर्वाद दिया और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की सराहना की। सामूहिक विवाह समारोह में खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि 91 जोड़ो का विवाह संपन्न हुआ जिनमें 87 ब्लॉक के अलग-अलग गांवो से तो चार जोड़ नगर पंचायत के शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 51 हजार रुपए प्रति जोड़े पर सरकार की ओर से अनुदान मिलता है। जिसमें 35000 रुपए कन्या के खाते में 10000 रुपए के सामान तथा 6000 रुपए आयोजन पर व्यय किया जाता है। कार्यक्रम को सहायक विकास अधिकारी पंचायत विवेक मिश्र, प्रधान संघ के अध्यक्ष रामानुज यादव, भाजपा नेता बबुआन द्विवेदी, भाजपा महिला मोर्चा की जिला मीडिया प्रभारी संतरा देवी बिंद, रामकृष्ण केसरी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन युवा कवि बबलू सिंह बहियारी तथा एडीओ आईएसबी रामेश्वर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान उपस्थित लोगों में प्रमुख रूप से सभासद राजकुमार केसरी, नन्हे अली, प्रधान संघ के मंडल महामंत्री अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे, प्रधान बड़ोखर नन्हे सिंह, आयोजन व्यवस्था के प्रमुख प्रधान प्रतिनिधि राजू सिंह, एडीओ सांख्यिकी राजेंद्र यादव, ग्राम पंचायत सचिवों में आलोक त्रिपाठी, शशिलेंद्र सिंह, अनीता पटेल, सत्येंद्र पांडेय, प्रकाश सिंह समेत भारी संख्या में वर वधुओं के परिजन ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य व अन्य जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे।

ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के नाम पर खानापूर्ति

मेजा। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक रक्षक विकास दल द्वारा प्रयागराज जिले में जिला युवा कल्याण अधिकारी के निर्देशन में ब्लॉक स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन महज एक खानापूर्ति बनकर रह गया है। संज्ञान में आया है की क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी के देखरेख में मनमाने ढंग से जहां पर खेल मैदान ही नहीं है,एक दिन के अंदर वॉलीबाल, कबड्डी, कुश्ती, एथलेटिक्स सहित कुल आठ खेलों की विभिन्न आयु वर्गों में जूनियर, सीनियर और सबजूनियर आदि प्रतियोगितायें मात्र चार-पांच घंटे में पूरी कर ली जा रही है,जोकि असंभव है। क्योंकि उनके पास ना तो कोई क्वालीफाइड रेफरी है और ना तो कोई खेल विशेषज्ञ। जबकि महानिदेशक युवा कल्याण एवं प्रादेशिक रक्षक दल विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा उक्त प्रतियोगिताओं के संबंध में विभिन्न क्रीडा संघों के समन्वय से जिला खेल सचिवों के सहयोग से प्रतियोगिता आयोजित कराए जाने का निर्देशित जारी किया गया है। फिर भी जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रयागराज द्वारा जिला खेल सचिवों को इग्नोर करके पुनः पुराने ढरे पर मनमाने ढंग से कागजी कार्रवाई पूरी की जा रही है,जोकि काफी दुःखद व निंदनीय है। क्योंकि ऐसे खेल से ग्रामीण प्रतिभाओं को किसी भी प्रकार का प्रोत्साहन व लाभ मिलने की संभावना नहीं है और ना ही किसी प्रकार से खेल का विकास ही संभव है।

ताला तोड़कर 50 हजार नगदी और 2 लाख का गहना चोरी

मेजा। मेजा के मदरहा गांव में बीती रात को चोरों ने घर का छत फांद कर 50000 नगदी और लगभग दो लाख का रहना उठा ले गए जानकारी के अनुसार मेजा के मदरहा निवासी हिन्छ लाल मिश्रा के घर में 14 दिसंबर की रात चोरों ने दीवाल डाढ़ के सहारे छत पर चढ़कर और आंगन में उतर गए और दरवाजे का ताला तोड़े कमरे में रखा तीन बक्सा एक-एक करके बगल के खेत में उठा ले गए और वहीं पर पूरे बक्से का ताला काट कर 50000 नगदी और 2 लाख के गहने उठा ले गए जबकि और भी सामान महंगे बर्तन और कपड़े , नमकीन बिस्किट वहीं छोड़ गए वही घर वाले सारी रात सोते रहे चोरी के इस करतूत की रात में भनक तक नहीं लगी और सुबह नृत्यक्रिया के दौरान बगल के लगभग 100 मीटर दूरी पर खेत में पड़े बक्से को देखकर भौचक्का रह गए परिवार के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से घर के मुखिया हिंछ लाल मिश्रा के पत्नी की तबीयत खराब थी और डॉक्टर ऑपरेशन के लिए बोला था और उसी के लिए बीते एक दिन पहले बैंक से पैसा निकाल कर घर पर रखा गया था और दो दिन बाद ऑपरेशन होना था कि उसके पहले चोरों ने पूरा घर साफ कर दिया इस हादसे से पूरा परिवार दुखी और सदमे में है इस घटना की पूरी जानकारी 100 नंबर पुलिस और नजदीकी पुलिस थाने में दी गई है।

मऊआइमा पुलिस ने दो शातिर बाइक चोरो को किया फिरफ्तार ,भेजा जेल

चोरी की बाइक के साथ दो शातिर चोरों को मऊआइमा पुलिस ने धरदबोचा

मऊआइमा। मऊआइमा पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ शुक्रवार को दोपहर में ब्लाक बाजार स्थित अंग्रेजी शराब के ठेके के पास से दो बाइक चोरों को गिरफ्तार कर लिखापढ़ी कर के जेल भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ब्लाक बाजार के निकट अंग्रेजी शराब की दुकान के पास दो संदिग्ध बाइक के साथ घूम रहे थे। मऊआइमा थाना के सब इंस्पेक्टर शरद सिंह और कांस्टेबल शिवाकांत ने दोनों को दबोचकर कर थाने लाए।पूछ ताछ के दौरान एक ने अपना नाम मनीष सिंह पुत्र अनुज कुमार सिंह ग्राम देल्हुपुर प्रतापगढ़ तथा करन पुत्र बलराम लाखूपुर मान्धाता प्रतापगढ़ बताए और अपना पेशा चोरी कबूल किए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शुक्रवार को मनीष सिंह और करन को जेल भेज दिया।

बारात में शामिल होने जा रहे युवक को कट्टा दिखाकर नकदी लूटे,मारपीट की

मेजा। कथित बदमाशों ने बारात में शामिल होने जा रहे युवक को कट्टा दिखाकर पिटाई करने के बाद लूटपाट की।एनटीपीसी मेजा स्वास्थ विभाग में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत अश्वनी प्रजापति पुत्र सतीश कुमार प्रजापति निवासी मेजाखास, थाना मेजा ने मांडा थाने में तहरीर देते हुए बताया कि 13 दिसंबर को ग्राम पयागपुर में वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने बोलोनो गाड़ी से जा रहा था। रात के लगभग 9 बज के 45 मिनट पर वह जैसे ही पयागपुर की तरफ बढ़ा कि पीछे से बिटारा ब्रेजा गाड़ी पर सवार कुछ व्यक्ति एवं दो तीन मोटरसाइकिलो पर अन्य लोग उसके गाड़ी के सामने आ करके अपनी गाड़ी रोक दिये जिससे वह भी अपनी गाड़ी रोक दिया। इतने में गाड़ी पर सवार व्यक्ति तमन्चे से एक फायर किये और गाली देते हुए दरवाजा खोलने के लिए कहा जैसे ही वह गाड़ी से नीचे उतरा , गाड़ी पर बैठे मुन्नू तिवारी पुत्र शरस तिवारी व राजा तिवारी जो गणेश तिवारी का भतीजा है व राहुल तिवारी पुत्र अज्ञात व गुड्डू तिवारी पुत्र अज्ञात निवासी उल्दा, थाना माण्डा उसे मारने पीटने लगे तथा एक अज्ञात व्यक्ति जो हाथ में तमंचा लिया था। तमंचे के बट से बाये आँख के बगल में मारा जिससे उसके नाक से काफी खून निकलने लगा और प्रार्थी बेहोस होकर गिर गया। बदमाशों ने जेब में रखे चौदह हजार रुपये लूट लिए तथा मोबाइल को सड़क के बाहर फेंक दिया। फायर करके गाड़ी में बैठकर भाग गए।पीड़ित अश्विनी ने मांडा थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की गुहार लगाई है।

सरदार बल्लभ भाई का ब्यक्तित्व एक आदर्श है : योगेश शुक्ल

मांडा के सिरौठी गांव में आयोजित हुई सरदार पटेल की विचार गोष्ठी

अखंड भारत संदेश

मेजा। सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के पुण्य तिथि पर ग्राम पंचायत सिरौठी में आयोजित विचार गोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होकर भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जी चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस अवसर पर भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कहा कि भारत बहुत प्राचीन राष्ट्र है, चक्रवर्ती सम्राट का देश था, इस देश को अगर चक्रवर्ती सम्राट जैसा देश देने का काम कोई किया तो सरदार वल्लभ भाई पटेल ने दिया,सरदार जी एक व्यक्तित्व है वो आदर्श है , जिस सरदार पटेल जी देश में किसान को एक करके आजादी के लिए आंदोलन किया, जिस रास्ते पर आज देश चल रहा है भविष्य में भारत विश्व गुरु बनेगा और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 2047 तक के लिए विकसित भारत का संकल्प लिया है निश्चित रूप से सरदार पटेल जी को समर्पित होगा। विशिष्ठ वक्ता के तौर पर उपस्थित अखिल भारतीय प्रधान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्रिपाठी ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल बहुत ही सामान्य वर्ग के घर से होने के वावजूद बड़ी उपलब्धि पर हम सब लोगो को गौर का विषय था। इस अवसर पर पप्पू काजी , राज मनि द्विवेदी, सुरेश तिवारी, नीलम पथिक , गोपी निषाद, परशु राम कोल, राजित राम सिंह पटेल ,राम जी शुक्ल,कमला शंकर पटेल,छत्रधारी तिवारी,राज नारायण पटेल, हरी शंकर सिंह पटेल,महेश सिंह पटेल, अखिलेश पटेल, लव कुश पांडेय, कन्हैया लाल पटेल, मुह्म्द अली,वीरेंद्र सिंह, हरी मोहन पांडेय,राकेश शुक्ल, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सफल आयोजन के लिए ग्राम प्रधान मंजू सिंह पटेल का आभार प्रकट किया।

न्यूज झरोखा

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शादी के बंधन सूत्र में बंधे उन्नीस जोड़ा

प्रयागराज। भगवतपुर ब्लाक परिसर में शुक्रवार के दिन मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सकुशल संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कुल उन्नीस जोड़ा शादी के बंधनसूत्र में बंधे। रीति - रिवाज से उन्नीस जोड़ों को एक साथ बैठाकर मंत्रोचार किया गया और एक दूसरे के प्रति वचनबद्ध किया गया। शादी के बंधन में बंधे जोड़ों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए खुशहाल जीवन जीने की शुभकामनाएं दी गई। शादी संपन्न होने के बाद जोड़ों को योजना के तहत उपलब्ध समान भी वितरित किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर शहर पश्चिमी के विधायक सिद्धार्थनाथ के प्रतिनिधि विजय मल्होत्रा उपस्थित रहें और उन्होंने वर - वधु को आशीर्वाद दिया साथ ही खुशहाल जीवन जीने के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं उनके द्वारा दी गई। इस दौरान भगवतपुर ब्लाक प्रमुख मालती देवी सोनकर, खंड विकास अधिकारी भगवतपुर सईद अहमद, एडीओ समाज कल्याण अधिकारी मोबिना बनो, ग्राम सचिव कृष्ण प्रताप सिंह एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य बीरेंद्र पासी सहित आदि गणमान्य लोग भगवतपुर ब्लाक परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में उपस्थित होकर वर - वधु को आशीर्वाद दिया।

सामूहिक विवाह में 13 जोड़ों ने लिए सात फेरे एवं एक जोड़े का हुआ निकाह

सहसों। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विकास खण्ड सहसों में शुक्रवार को चौदह जोड़ो का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर विवाह कार्यक्रम को आचार्य अभय शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा पूरे विधि विधान के साथ विवाह अनुष्ठान को पूर्ण कराया। कार्यक्रम में शामिल एक मुस्लिम जोड़ा को काजी द्वारा निकाह पढ़ाया गया। कार्यक्रम संपन्न कराने में प्रभारी बीडीओ राजीव कुमार सिंह, एडीओ पंचायत नरेंद्र दुबे, एडीओ आईएसबी संजय सिंह, वरिष्ठ लिपिक विजय बहादुर, अरुण तिवारी आदि लोग तन्मयता से लगे रहे। वैवाहिक कार्यक्रम पूर्ण होने के बाद अतिथि गंण फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल, भाजपा गंगापार जिलाध्यक्ष कविता पटेल एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने नव दंपतियों को उपहार भेंट कर अपनी शुभकामना दी। संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, महामंत्री किरन त्रिवेदी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार वीरेन्द्र बहादुर सिंह, पिंटू नेता, संदीप दुबे, प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , भूपेंद्र मिश्रा, टीएन सिंह, आशीष भारतीया, दिनेश मिश्रा, बाल गोविंद तिवारी, राजेश सिंह, आसमा सिंह, ललिता यादव, अशोक पाल, पवन कुमार शुक्ला, अखिलेश यादव सहित आदि लोग शामिल रहे।

फूलपुर में सामूहिक विवाह में 24 जोड़े हुये एक दूजे के

फूलपुर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का कार्यक्रम फूलपुर विकास खण्ड में शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। सामूहिक विवाह में 23 जोड़ों का हिंदू रीति रिवाज के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ एक जोड़े का विवाह हुआ। अपने-अपने यजमान एवं मौलवी से किसी ने अग्नि के साथ फेरे तो किसी ने निकाह पढ़कर जिंदगी की नई पारी शुरू की। बीडीओ फूलपुर एचपी वर्मा ने वर कन्या को आशीर्वाद देते हुए शासन द्वारा निर्धारित उपहार नव विवाहित जोड़ों को सौपा। एडीओ पंचायत गुलाबचंद पांडेय ने पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ब्लॉक कर्मी लग रहे। प्रभारी एडीओ समाज कल्याण अखिलेश यादव अपनी टीम के साथ डटे रहे। मुख्य रूप से एडीओ सहकारिता शिव शंकर प्रसाद, जेई सच्चिदानंद, जेई एम आई डा०अग्निवेश त्रिपाठी, ग्राम पंचायत अधिकारी धीरेन्द्र कुशवाहा,अनिल मौर्य,रवि वर्मा,महेश सरोज, पुष्पा देशराज तिवारी, अजय कुमार वर्मा, रमाकांत गुप्ता सहित ब्लाक के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

17 दिसम्बर से शुरू होगा ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता

धनूपुर। युवा कल्याण एव प्रांतिय रक्षक दल विभाग की ओर से 17 दिसम्बर को ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन धनुपुर ब्लाक के सुकुलपुर ग्राम पंचायत के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। क्षेत्रीय युवा कल्याण आधिकारी प्रवीण चंद्रा ने बताया कि प्रतियोगिता का सुभारंभ ब्लाक प्रमुख श्रीमती ज्योति यादव द्वारा किया जायेगा खेल प्रतियोगिता में दौड़, बालीबाल,कबड्डी, भाला फेक, कूद आदि खेलों का आयोजन प्रस्तुत होगा इच्छुक खिलाड़ी भाग ले सकते है प्रतिभागियों को कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु आधार कार्ड की फोटो कॉपी ले आना जरूरी बताया गया है।

सरदार पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर बच्चों ने नमन करते किया याद

सहसों। भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान रुदापुर देवनहरी में शुक्रवार को संस्थान के प्रबंधक विनय उपाध्याय की अध्यक्षता में आजाद भारत के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व उप प्रधान मंत्री भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि कर शत-शत नमन करते मनाई गई। श्रद्धा सुमन अर्पित करते लोह पुरुष के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए विनय उपाध्याय ने कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता के अद्भुत शिल्पी एवं नवीन भारत के निमार्ता सरदार पटेल जी को कौन भूल सकता है। आज उनकी पुण्यतिथि पर हमें उनके आदर्शों और सिद्धांतों से शिक्षा लेकर देश के लिए काम करने की आवश्यकता है। इस मौके पर रागिनी दुबे, अर्पिता कुशवाहा, सरिता गुप्ता, मारिया बानो, साक्षी यादव एवं विद्यालय के समस्त बच्चों ने सरदार पटेल को नमन करते प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

करछना सामूहिक विवाह में कुल 33 जोड़ों ने लिए सात फेरे

करछना। ब्लाक मुख्यालय करछना पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में तहसील के करछना,कौंधियारा,चाका के कुल 33 जोड़ों का विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार कराया गया। करछना ब्लाक से 12, कौंधियारा से छह, चाका से 15 जोड़ों ने पंजीकरण कराया था।लड़की पक्ष को उपहार में बैग, कुकर और बर्तन के सामान दिए गए। सरकार द्वारा 51 हजार रुपए प्रत्येक जोड़ो को अनुदान के रूप में दिया गया। जिसमें 35 हजार रुपए लड़की के खाते में भेजे गए। इसके अलावा 10 हजार रुपए का उपहार दिया गया। वहीं छह हजार रुपए खाना आदि में खर्च किए गए। विवाह के लिए रखे गए कलश 'मेरा माटी, मेरा देश' अभियान के द्वारा इस्तेमाल किए गए कलश की मिट्टी निकालकर उनकी दोबारा रंगाई करके ब्लाक कर्मियों ने शादी के लिए रखवा दिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि शुभ विवाह जैसे कार्यक्रम में भी ब्लाक कर्मियों ने अपनी मनमानी से पैसे बचाने के लिए पुराने कलश को रख दिया। इस दौरान विधायक पीयूष रंजन निषाद, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि धर्मेन्द्र सिंह चाका ब्लाक,कमल सिंह, आरती यादव, ममता पांडेय, संजीव श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव प्रधान प्रतिनिधि सोनाई, धर्मराज पटेल, प्रधान कचरी,कमलेश दुबे, भाजपा नेता कमल मिश्रा, त्रिवेणी प्रसाद पांडेय, बीडीओ करछना धीरेश सिंह, अर्पित श्रीवास्तव,ओपी गुप्ता, एपी पांडेय, एडीओ पंचायत राम शिरोमणि तिवारी, मोहम्मद आरिफ आदि लोग मौजूद रहे।

मऊआइमा विकास खंड परिसर में 56 हिन्दू परिणय सूत्र में बंधे , दो जोडों मुस्लिम ने पढा निकाह

मऊआइमा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन शुक्रवार को मऊआइमा विकास खण्ड परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 56 जोडों ने विवाह के सूत्र में बंधे जबकि दो मुस्लिम जोड़ों ने निकाह पढा। मऊआइमा विकास खण्ड परिसर में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में छीतेमऊ की कल्पना संग सागर,मोहम्मदपुर सराय अली की संजू देवी संग धीरज कुमार,अब्दालपुर निवासी उमा देवी संग बलराम,जमखुरी की कंचना संग विकास कुमार,इस्माईलपुर की अंजू देवी संग संजय साहू सहित कुल 56 जोड़ों का वैदिक मंत्रोच्चार के बाद हिन्दू रीति रिवाज के साथ एक दूजे के हुए जबकि दो मुलिम जोड़ों मऊआइमा की महजबीं संग मोहम्मद परवेज व कुलसुम अकरम संग मोहम्मद शोहराब के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के तहत काजी ने निकाह पढ़ा कर सम्पन्न कराया।इस दौरान नव दंपत्ति के परिजन भी मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत मे मुख्यातिथि एमएलसी निर्मला पासवान व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी ने सभी नव दंपत्ति के सुखमय जीवन की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया।इस अवसर पर ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष तीरथ यादव,रिज्वानुल हक गुड्डू,अशोक कुमार, खंड विकास अधिकारी उमेश सिंह,एडीओ पंचायत प्रेमदास,एडीओ सहकारिता अजय निर्मल,अनवर हुसैन, आदि मौजूद रहे।

सामूहिक विवाह बनी औपचारिकता क्षेत्र में तरह- तरह की चचाएं

अखंड भारत संदेश

मांडा। उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शानुसार शुक्रवार को सामूहिक विवाह का आयोजन बभनी हेठार स्थित प्रेमा रिसार्ट गेस्ट हाउस में किया गया। जिसमें 25 जोड़ियां ने एक दूसरे का साथ निभाना का वादा किया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी उरुवा दिनेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अशोक सिंह मांडा ने मौके पर पहुंचकर सरकार द्वारा निर्धारित किट सामग्री एवं सामूहिक विवाह से संबंधित सामान, चांदी के आभूषण देकर सम्मानित किया। वहीं उपरोहित पंडित फूलचंद पांडेय ने मंत्रोच्चारण के साथ विवाह को संपन्न कराया। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि इस सामूहिक विवाह को औपचारिकता के रूप में केवल संपन्न कराया गया है जो क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना है। लोगों ने बताया कि जिस तरीके से पिछले वर्ष भारतगंज स्थित कनक गेस्ट हाउस मे 51 जोड़ो का सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ था। उस तरीके से यह कार्यक्रम औपचारिकता मात्र बन कर रह गयी है। कार्यक्रम मौजूद प्रमुख प्रतिनिधि सुजीत केसरी खंड विकास अधिकारी अमित मिश्रा, पंचायत सहायक रमाकांत पांडेय, समाज कल्याण अधिकारी मांडा रवि प्रकाश यादव,सीडीपीओ मांडा रमेश कुमार ,ग्राम विकास अधिकारी बृजेश दुबे, बृजेंद्र कुमार शुक्ला, कमल कुमार सहित आदि लोग मौजूद रहे।

युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी का मनाया गया 11वां स्थापना दिवस

सहसों। सहसों बाईपास स्थित कार्यालय पर युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी का 11वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए संस्था को और आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश केसरवानी ने कहा कि आप सबके सहयोग व प्रेरणा से संगठन पिछले 11 वर्षों में समाज सेवा के क्षेत्र में अधिक से अधिक कार्य करने का प्रयास किया है। जिसमें प्रमुख रूप से युवा जागो नशा त्यागो संकल्प अभियान, पर्यावरण एवं जल संरक्षण जागरूकता अभियान, मतदाता जागरूकता अभियान जैसे विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा किए गए कार्यों के लिए क्षेत्र के गणमान्य लोगों द्वारा काफी सराहना की गई। वर्तमान समय में भी कई सामाजिक कार्यक्रम किया जा रहे है। मुख्य रूप से विष्णु कुमार केसरवानी, वीरेंद्र सिंह, पद्मराज सिंह, दिनेश केसरवानी, सुमन देवी, गोदावरी देवी, शंकर लाल, दीपांशु गुप्ता, प्रदीप साहू , हिमांशु सिंह, पिंटू , गोलू एवं संस्था के सभी पदाधिकारी व सदस्य सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

विकास खंड जसरा एवं शंकरगढ़ में अग्नि को साक्षी मान 49 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

बारा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है पहले के समय में गरीब मां-बाप अपने बेटियों की शादी विवाह करने के लिए आभूषण और जमीन बेचने को मजबूर होते थे लेकिन अब प्रदेश में भाजपा की योगी सरकार ने लाखों गरीबों कन्याओं का विवाह करा कर गरीब के आंखों के तारे बन गए हैं। उक्त बातें विकासखंड जसरा के ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा प्रांगण में सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय ने 49 जोड़ों की शादी संपन्न होने के बाद नवदंपतियों को संबोधित करते हुए कही।एवं कार्यक्रम में प्रयागराज के सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय ने प्रयागराज की सांसद डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी का ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद मिला। सांसद ने कहा सबका साथ ,सबका विकास, सबका विश्वास के तहत योगी सरकार गरीबों की शादी करा रही है मैं योगी जी का अभिनंदन और स्वागत करती हूं। खंड विकास अधिकारी जसरा अनीश अहमद व खंड विकास अधिकारी शंकरगढ़ रामविलास राय,समाज कल्याण विभाग जसरा व शंकरगढ़ सहायक विकास अधिकारी गुलजार सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रयागराज संत प्रसाद पांडेय, एडीओ पंचायत जसरा दिनेश कुमार द्विवेदी व एडीओ पंचायत शंकरगढ़ विजय राज सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष जसरा दारा सिंह व प्रधान संघ पुष्पराज सिंह ने अतिथियों नव दंपतियों व इनके परिवार रिश्तेदारों को अपने व शासन प्रशासन की ओर से आभार व्यक्त कर सफल कार्यक्रम की बधाई दिया। मुख्य आचार्य रहे पंडित प्रदीप कुमार मिश्र ने बैदिक मंत्रों के साथ अग्नि के सात फेरों व सात वचनों से परिसर में 48 जोड़ों के मांग में सिंदूर दान करा कर सामूहिक विवाह संपन्न करवाया। विवाह मंडप में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की दांपत्य जोड़ी भी रीति रिवाज से एक दूजे के हुए। विकास खंड अधिकारी जसरा, व शंकरगढ़,समाज कल्याण विभाग जसरा सहायक विकास अधिकारी व प्रधान संघ अध्यक्ष जसरा व शंकरगढ़ के द्वारा सभी वैवाहिक जोड़ों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस मौके पर, विकासखंड जसरा व शंकरगढ़ के समस्त स्टाफ गण एवं ग्राम प्रधानों के साथ-साथ क्षेत्र के तमाम गणमान्य गण मौजूद रहे।

सोरांव विकास खंड में हुए सामूहिक विवाह में 26 जोड़े हुए एक दूजे के

सोरांव। शुक्रवार को सोरांव विकासखंड में समाज कल्याण द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 26 जोड़े एक दूसरे के हुए तथा सात फेरे लेकर साथ निभाने की कसमें भी खाए। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार सरोज ने उपस्थित सभी नव दंपतियों का संबोधन के माध्यम से आशीर्वाद भी दिए। जानकारी के अनुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह जो कि पूरे प्रदेश में बड़े ही धूमधाम से कराया जाता है। और प्रत्येक जोड़े के लिए सरकार द्वारा 51 हजार की धनराशि भी अवमुक्त की होती है। जिसमें से 35 हजार रुपए कन्याओं के खाते में व ?10000 का शादी का सामान, ?6000 भोजन में खर्च किया जाता है। इतना ही नहीं सोरांव ब्लॉक के जिम्मेदार खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पटेल ने हर वर्षों की भांति इस वर्ष बहुत ही अच्छे तरीके से सामूहिक विवाह का कार्यक्रम संपन्न करवाए। जो एक मिसाल है। जिसमें लगभग 1000 लोगों का भोजन भी करवाया गया। सभी लोगों के आनंद के लिए डीजे संग पटाखे भी फोड़े गए।अंत में खंड विकास अधिकारी ने अपने भाषण में नव संपत्ति को नए दंपत्ति जीवन की शुरूआत करने के लिए आशीर्वाद भी दिए। तथा सरकार के सामूहिक विवाह जैसी योजनाओं के बारे में सभी लोगों को जागरुक भी किया। आए सभी नव दंपति को रीति रिवाज के अनुसार शादी संपन्न की गई। इस मौके पर मुकेश मौर्य सहायक विकास अधिकारी(पंचायत), सचिव अंकित मौर्य, सचिव कौशल कुमार,स्थापना बाबू अल्ताफ आलम, लेखाकार संजय कनौजिया, लेखा सहायक देवानंद श्रीवास्तव, ग्राम विकास अधिकारी मिथिलेश मिश्रा, सचिव मोहम्मद साकिब अली, प्रधान प्रतिनिधि बाहर सराय राम गणेश मौर्य, अवधेश कुशवाहा, संजय यादव ग्राम प्रधान शिवगढ़,सफाई कर्मचारी संघ जिला मंत्री गिरीश मौर्य, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार, बनवारी लाल, आनंद यादव,वाहन चालक सुभाष सिंह संग सैकड़ो लोग रहे।

5 हजार रुपये के लिए मां का कत्ल कर संगम पहुंचा युवक

अखंड भारत संदेश

सूटकेस बैग में लाश भरकर संगम पहुंचा था युवक, खौफनाक साजिश रच कर की थी हत्या

प्रयागराज। संगम पर गुरुवार देर रात पुलिस ने सूटकेस से एक महिला का शव बरामद किया। हत्या उसके ही बेटे ने की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हत्या 13 दिसंबर की शाम हरियाणा के हिसार में की गई। आरोपी अपनी मां के शव को सूटकेस में भरकर ट्रेन से प्रयागराज पहुंच गया। वह शव गंगा में प्रवाहित करने जा रहा था, तभी शक के आधार पर पुलिस ने उसे सूटकेस खोलकर दिखाने को कहा। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। संगम पर रात में करीब ढाई बजे गश्त करने वाले दो सिपाही बाइक से गुजरे तो देखा कि एक युवक किनारे खड़ा है। उसके पास एक बड़ा सूटकेस और दो बैग थे। पुलिस को देख वह सूटकेस से थोड़ा अलग हट गया। पुलिस वाले उसके पास पहुंचे और पूछा कि इतनी रात को यहां क्या कर रहे हो। उसने बताया कि वह गंगा नहाने आया है। सुबह का इंतजार कर रहा है। जब सूटकेस और दो बैग के बारे में पूछा तो वह घबरा गया। पुलिस वालों का शक बढ़ा तो उसे खोलने को कहा। यह सुनकर युवक भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने उसे दौड़कर पकड़ा।

लाश लेकर 900 किलोमीटर घूमता रहा युवक

20 साल का हिमांशु अपनी मां की लाश लेकर करीब 900 किलोमीटर घूमता रहा। शव को सूटकेस में भरने के लिए उसने अपनी मां की कई जगह हड्डियां भी तोड़ दी। आर्यनगर से से वह ऑटो लेकर हिसार स्टेशन गया। फिर ट्रेन से गाजियाबाद। वहां से ट्रेन से प्रयागराज जंक्शन पर उतरा। यहां दस बजे उसने स्टेशन पर ही खाना खाया। कुछ समय बिताने के बाद वह बाहर निकला। करीब 12 बजे ई रिक्शा से वह संगम पर पहुंचा।

ज्यादा पैसा खर्च करने पर टोकती थी मां

हिमांशु से पुलिस अधिकारियों ने लंबी पूछताछ की। उसने बताया कि परिवार में हमेशा आर्थिक तंगी रहती थी। वह अपने दोस्तों की तरह खर्च नहीं कर पाता था। मां भी ज्यादा खर्च करने पर टोकती रहती थी। इसी कारण उसका झगड़ा भी होता था। उसने इसी साल इंटर पास किया था। उसका खर्च भी बढ़ गया था। 13 दिसंबर को उसने पांच हजार रुपये मांगे तो मां ने मना कर दिया। झगड़ा हुआ तो चांटा मार दिया। इसके बाद उसने गला दबाकर मां को मार दिया।

मूल रूप से बिहार का रहने वाला है आरोपी

मूल रूप से बिहार के गोपालगंज के रहने वाले ओमप्रकाश और प्रतिभा देवी (45) के दो बच्चे हैं। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। छोटा बेटा हिमांशु कुमार और प्रतिभा दोनों हरियाणा के हिसार के आर्यनगर में किराये पर रहते थे। प्रतिभा यहां काटन मिल में दो साल से नौकरी कर रही थी। ओम प्रकाश भी मोतिहारी जिले में एक धर्मकांटा पर नौकरी करते हैं। माता-पिता में आपस में पटती नहीं थी। आर्थिक संकट के कारण प्रतिभा बेटे को लेकर हिसार आ गई थी।

सूटकेस खुलते ही लोगों के बीच फैली अफरा तफरी

सूटकेस खुलवाया तो उसमें महिला की लाश थी, फिर अधिकारियों को सूचना दी गई। सूटकेस के साथ पकड़ा गया युवक गोपालगंज बिहार का रहने वाला हिमांशु कुमार है। उसने बताया कि सूटकेस में उसकी मां प्रतिभा देवी की लाश है। उसने 13 दिसंबर को उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी। लाश संगम में प्रवाहित करने आया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हिमांशु से अधिकारियों ने पूछताछ की।

13 दिसंबर को गुस्से में की थी मां की हत्या

13 दिसंबर को हिमांशु ने मां प्रतिभा से पांच हजार रुपये मांगे। प्रतिभा ने रुपये देने से इनकार कर दिया। दोनों में झगड़ा हो गया। मां ने चांटा मार दिया तो हिमांशु गुस्से में उसका गला दबाकर मार दिया। इसके बाद वह शव को सूटकेस में भरकर ट्रेन से प्रयागराज आ गया। पुलिस ने महिला के पति ओमप्रकाश को सूचना दे दी है। वह अन्य रिश्तेदारों के साथ प्रयागराज के लिए चल दिए थे। पुलिस ने हिमांशु को अदालत के सामने पेश किया, जहां से उसे भेज दिया गया।

सुंदरीकरण व रोड़ों के चौड़ीकरण को लेकर उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण के साथ नगर निगम कार्यालय में बैठक संपन्न

प्रयागराज। शुक्रवार को शहर के सुंदरीकरण और रोड़ों के चौड़ीकरण के व्यावहारिक पक्ष के संबंध में आज व्यापारियों और उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण के साथ नगर निगम कार्यालय में बैठक हुई जिसमें महापौर गणेश केसरवानी जी ने सभी व्यापारियों के विषय को सुनने के बाद उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण अरविंद चौहान जी को निर्देशित किया कि शहर के विकास में नागरिक एवं व्यापारियों का पूरा सहयोग है लेकिन जो व्यापारी और शहरियों की जो आपत्तियां हैं उनका भी समय पर निस्तारण करके शहर के विकास की गति को और तीव्रता प्रदान करें साथ ही महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि त्रिवेणी रोड का नए यमुना पुल के कारण बंद हो जाने से त्रिवेणी रोड पर आवागमन बहुत कम रहता है जिससे अन्य मार्गों पर भार पड़ता है त्रिवेणी रोड को अंडरपास के माध्यम से खोलना मेले के हित में रहेगा, बैठक में रवि केसरवानी पदम जायसवाल प्रेम नारायण केसरवानी पार्षद नीरज गुप्ता, पंकज, टिन्नी बड़ी संख्या में व्यापारी गांव उपस्थित रहे।

भव्य आतिथ्य एवं स्वागत के साथ आयोजित होगा काशी-तमिल संगमम कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

- 19 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक विभिन्न तिथियों पर सदस्य दलों का होगा प्रयागराज आगमन
- तमिल संगमम् कार्यक्रम के तहत सदस्य दलों का प्रथम जत्था 19 दिसम्बर को पहुंचेगा प्रयागराज
- जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित, भव्य एवं आकर्षक रूप से आयोजित कराने के लिए सभी सम्बंधित अधिकारियों को 18 दिसम्बर तक सभी व्यवस्थाओं/कार्यों को अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने के दिए निर्देश

प्रयागराज। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में काशी तमिल संगमम् कार्यक्रम के आयोजन के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने 19 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले काशी-तमिल संगमम् कार्यक्रम को सुव्यवस्थित, भव्य एवं आकर्षक रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को उनसे सम्बंधित कार्यों/तैयारियों को 18 दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। काशी-तमिल संगमम् का प्रथम दल 19 दिसम्बर को प्रयागराज आयेगा। इसके बाद 21, 23, 25, 27, 29 व 31 दिसम्बर को भी दल आयेंगे। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में आने वाले दलों का भव्य रूप से आतिथ्य एवं स्वागत करने के लिए कहा है। उन्होंने संगम क्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के अवसर पर सुसज्जित बोटों, मोबाइल टॉयलेट, पेयजल, पार्किंग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित कराये जाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। प्रयागराज आगमन के अवसर पर टीम के सदस्य सर्वप्रथम संगम जायेंगे, वहां पर संगम स्नान, बोटिंग, लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन, आदि शंकर विमान मंडपम मंदिर दर्शन, चन्द्रशेखर आजाद पार्क सहित अन्य स्थलों पर जायेंगे। जिलाधिकारी ने काशी तमिल संगमम् कार्यक्रम को सकुशल एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराये जाने के लिए मजिस्टेटों सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के दायित्व निर्धारित किए है। डीएम ने नगर निगम को संगम क्षेत्र में साफ-सफाई, मुख्य चिकित्साधिकारी को मेडिकल टीम तथा एम्बुलेंस की व्यवस्था, सुरक्षा की चाक-चैबंद व्यवस्था के लिए पुलिस कमिंर्यों के साथ ही महिला पुलिस कमिंर्यों की तैनाती भी करने के लिए कहा है। डीएम ने संगम पर पर्याप्त संख्या में नावों की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है साथ ही साथ उन्होंने तमिल भाषा के जानकार वालंटियर्स की भी व्यवस्था किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने कार्यक्रम के लिए यातायात, पार्किंग, बॉर्डर स्कार्ट सहित सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर डीसीपी नगर दीपक भूकर, प्रभारी अधिकारी माघ मेला दयानन्द प्रसाद, एडीएम सिटी मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी आपूर्ति जे0पी0 सिंह, सिटी मजिस्टेट विनोद सिंह सहित सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पांच दिवसीय सुरक्षा एवं संरक्षा प्रशिक्षण समापन पर डायट प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया

उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डायट के अध्यक्षता में साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन हुआ

प्रयागराज। उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डायट प्रयागराज राजेंद्र प्रताप के निर्देशन में जनपद में संचालित परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों हेतु "सुरक्षा एवं संरक्षा" आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का पांचवा दिवस तथा जीवन रक्षा कौशल के प्रशिक्षण का द्वितीय दिवस रहा। सुरक्षा एवं संरक्षा प्रशिक्षण के समापन पर उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डायट द्वारा सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाणपत्र दिया गया। प्रमाणपत्र वितरण के दौरान वरिष्ठ प्रवक्ता शिव नारायण सिंह, विपिन कुमार, भी मौजूद रहे। जिला अपराध निरोधक समिति प्रयागराज के सचिव/जेल पर्वेक्षक संतोष कुमार श्रीवास्तव के सहयोग से साइबर थाना प्रयागराज के साइबर क्राइम ऑफिसर जय सिंह के द्वारा द्वारा साइबर अवेयरनेस कार्यशाला आयोजित किया गया। साइबर अवेयरनेस कार्यशाला की अध्यक्षता डायट प्राचार्य द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के अंत में प्राचार्य अपने उद्बोधन में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रयागराज के परिषदीय विद्यालय के प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों/शिक्षिकाओं को बताएं कि यह प्रशिक्षण तभी सफल होगा जब आप सब अपने स्कूल के बच्चो को सुरक्षा एवं संरक्षा से संबंधित बातो को बताएंगे, चाहे वो घरेलू गैसों से बचाव का हो, शारीरिक, मानसिक प्रताणना का हो, साइबर अवेयरनेस, यातायात जागरूकता इत्यादि से संबंधित जानकारी बच्चो को बताना बहुत आवश्यक है। कार्यशाला के संयोजक डॉ राजेश कुमार पांडे ने अपने सत्र में विद्यालय परिसर एवं उसके प्रभाव क्षेत्र में छात्र-छात्राओं के यौन उत्पीड़न से सुरक्षा संबंधी सुझावों, कानूनी सुझाव दिए। साइबर अवेयरनेस कार्यशाला का आयोजन पांच दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला में भी किया गया। जिसके संयोजन विवेक त्रिपाठी और वर्तिका कुशवाहा है। कार्यशाला के समापन के अवसर पर डॉ राजेश कुमार पांडेय ने संदर्भदाता -डॉ अरुणेश, डॉ. शिवमंगल सिंह, सहायक संदर्भदाता इशरत जहां एवं साधना राय के साथ सभी प्रशिक्षुओ को धन्यवाद देते हुए इस प्रशिक्षण को धरातल पर उतारने का आवाहन किया। तकनीकी सहयोग प्रशिक्षु विपिन कुमार कुशवाहा के द्वारा किया गया।

उच्च शिक्षा मंत्री को राजकीय कन्या विश्वविद्यालय खोलने के लिए दिया ज्ञापन

नैनी। नैनी उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के नैनी आगमन पर संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं के द्वारा यमुनापार में काशी क्षेत्र अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह, नैनी में राजकीय कन्या विश्वविद्यालय जो कि अभी नहीं है आपसे निवेदन है कि यमुनापार में बालिकाओं के लिए राजकीय कन्या विश्वविद्यालय की स्थापना करने की कृपा करें जिससे यमुनापार की बेटियों को उच्च शिक्षा आराम से सुलभ हो सके यमुनापार के निवासी आपके आभारी रहेंगे। इस अवसर पर पार्षद मयंक यादव, पार्षद राकेश जायसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता बबलू तिवारी,कार्यालय मंत्री धर्मराज पटेल, नीरज शर्मा, सुनील विश्वकर्मा, नित्यानंद मिश्रा, अभिषेक पांडे, रवि मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, सरदार पतविंदर सिंह आदि कार्यकताओं के द्वारा शिक्षा मंत्री को ज्ञापन दिया गया।

डीएम ने किया सड़क सुरक्षा पखवाड़े का किया शुभारम्भ

नैनी। नैनी मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश, शासन के निदेर्शान्सार दिनांक 15.12.2023 से 31.12.2023 तक द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारम्भ यूनाईटेड कालेज आफ इन्जीनियरिंग एण्ड रिसरच्च कालेज, नैनी, प्रयागराज में किया गया है। उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री नवनीत सिंह चहल, जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कार्यक्रम में उपस्थिति छात्र-छात्रओं एवं अन्य लोगों को वाहन चलाते समय सड़क सरक्षा से संबंधित नियमों एवं संकेतों का पालन करने हेतु अनुरोध किया गया। उक्त कार्यक्रम में राजेश कुमार मौर्य, सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रयागराज कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अन्य व्यक्तियों को सड़क सुरकषा के प्रति जागरूक करते हुए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का प्रयोग करने हेतु अनुरोध किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित श्री संजीव कुमार गुप्ता, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रयागराज द्वारा कार्यकरम में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अन्य सभी व्यक्तियों को वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों एवं संकेतों का पालन करने तथा ओवरस्पीडिंग एवं रांगसाइड ड्राइविंग न करने के हेतु प्रेरित किया गया। कार्यकरम में उपस्थित रघुनाथ द्विवेदी, उपाध्यक्ष, टैम्पो-टैक्सी यूनियन, प्रयागराज द्वारा कार्यकरम में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अन्य व्यक्तियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने हेतु जागरूक किया गया। उक्त कार्यकरम में जिलाधिकारी महोदय, प्रयागराज, राजेश कुमार मौर्य, सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रयागराज, संजीव कुमार गुप्ता, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रयागराज, राजीय, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) प्रयागराज, पी०के०राय, अधिशासी अभियन्ता, पीडब्लूडी, सोनी जी, एनएच०ए०आई०, पवन पाण्डेय, अमित सिंह, यातायात निरीक्षक, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, प्रभाकर त्रिपाठी, प्रयागराज जनपद में तैनात समस्त उपर्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत जगौती, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन — **टेण्डर/कोटेशन** — दिनांक 15-12-2023

ग्राम पंचायत **जगौती** में वित्तीय वर्ष 2023–24 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/14/15 वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **जगौती** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 16–12–2023 से दिनांक 29–12–2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं। नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है, तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 30–12–2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 30–12–2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश	सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि
1.	जगौती मेन रोड से पंचायत भवन तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	3.98 (लाख)	2 माह
2.	माइनर से श्याम बाबू के खेत तक पक्की नाली निर्माण कार्य	3.95 (लाख)	2 माह
3.	पंचायत में खेल मैदान का कार्य	10.00 (लाख)	2 माह
4.	जगौती पंचायत भवन से सूर्यभान के खेत तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	3.98 (लाख)	2 माह

दीप नारायण पटेल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत जगौती
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

संजीव श्रीवास्तव
सचिव
ग्राम पंचायत जगौती
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

कार्यालय ग्राम पंचायत कबरा, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन — **टेण्डर/कोटेशन** — दिनांक 15-12-2023

ग्राम पंचायत **कबरा** में वित्तीय वर्ष 2023–24 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/14/15 वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **कबरा** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 16–12–2023 से दिनांक 29–12–2023 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं। नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है, तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 30–12–2023 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 30–12–2023 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश	सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि
1.	राजेश तिवारी के घर से नाला तक नाली मरम्मत कार्य 200 मीटर	2.00 (लाख)	2 माह
2.	बब्बू तिवारी के घर के पास इण्टरलाकिंग कार्य 50 मीटर	1.00 (लाख)	2 माह
3.	पक्की सड़क से तेज प्रताप यादव के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य 80 मीटर	3.00 (लाख)	2 माह
4.	बरगद के पेड़ से अशोक यादव के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य 30 मीटर	1.00 (लाख)	2 माह

बब्बू लाल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कबरा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

अक्षत सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत कबरा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

कार्यालय आदर्श नगर पंचायत, अझुवा, कौशाम्बी

पंत्राक -429/नं.पं.अ./आपूर्ति कोटेशन/2023-24 — दिनांक 15.12.2023

कोटेशन सूचना

समस्त इच्छुक फर्म/ठेकेदारों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अझुवा में अलाव हेतु जलाउ लकड़ी (फ्यूल वुड) का कोटेशन दिनांक 22.12.2023 तक आमंत्रित किया जाता है इच्छुक फर्म/ठेकेदारों एवं आपूर्तिकर्ताओं को जलाउ लकड़ी (फ्यूल वुड) की दर अपने लेटर पैड पर बन्द लिफाफे में दिनांक 22.12.2023 को अपराह्न 1 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत अझुवा में सील्ड बन्द कोटेशन बॉक्स में अपना कोटेशन डाल सकते हैं। कोटेशन दिनांक 22.12.2023 को अपराह्न 3 बजे उपस्थिति कोटेशनदाताओं के समक्ष कार्यालय नगर पंचायत अझुवा में खोला जायेगा। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त किसी कोटेशन पर विचार नही किया जायेगा।

रश्मि सिंह
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अझुवा-कौशाम्बी

शान्ती देवी कुशवाहा
अध्यक्ष
नगर पंचायत अझुवा-कौशाम्बी

बीओबी द्वारा चिकित्सा जगत से जुड़े छात्रों को मिला अचीवर्स अवार्ड

मेडिकल कालेज के सभागार में हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। बैंक ऑफ बरोदा की अपेक्स इकाई द्वारा निर्णय लिया गया कि हम अपने असाधारण छात्रों को उपलब्धि पुरस्कारों से सुशोभित करें। इस क्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज के शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, खेलकूद में विशिष्ट योगदान और शिक्षा खेलकूद एवं जीवन के अन्य विधाओं में भी पारंगत होने के क्रम तीन विद्यार्थियों को अचीवर्स अवार्ड सेरेमनी के माध्यम से मेडिकल कॉलेज के सभागार में सम्मानित किया गया।

अचीवर्स अवार्ड समारोह का दीप जलाकर उद्घाटन करते सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

इसी क्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा ने तीन क्षेत्रों में विशिष्ट छात्र को छात्रों को 31000 रुपए की नगद धनराशि एवं स्नेह भेंट देकर उनका उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सदर राजेंद्र कुमार मौर्य ने मेडिकल छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा क्षेत्र प्राणीमात्र को सीधे सेवा प्रदान करता है उन्हें मानवीय और भावनात्मक स्थितियों के साथ उपचारित करता है। समाज में अन्य विद्यार्थियों की अपेक्षा चिकित्सक का योगदान इन्हीं कारणों से देवतुल्य कार्य जैसा माना गया है। पूर्व प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डा. आर्य देश दीपक ने अपने उद्बोधन में मेडिकल कॉलेज से जुड़ी हुई पुरानी उपलब्धियां को बताया एवं कहा की सभी विद्यार्थी अचीवर्स होते हैं। आज जिन्हें अचीवर्स सम्मान प्राप्त हो रहा है वह तो हैं ही, परंतु जीवन में जब भी आप कठिन परिस्थितियों से सामना करते हुए, उन्हें हराते हुए लगातार आगे बढ़ते हैं और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेते हैं, यही सबसे बड़ा अचीवमेंट व अवार्ड होता है। अचीवर्स अवार्ड सेरेमनी में शिक्षा क्षेत्र के लिए डा. दिव्यांशी केसरवानी, खेलकूद क्षेत्र के लिए विपिन कुमार सरोज और उनकी टीम एवं ऑल राउंड परफॉर्मेंस में डा. दीक्षा सिंह जिन्होंने परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, कुशल नित्यांगना और मेडिकल कॉलेज की मिस 2021 के साथ खेलकूद की विभिन्न स्पर्धा में भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य प्रबंधक रवि गुप्ता, आरबीडीएम आशुतोष मिश्रा, प्रबंधक अनीता राम, शाहबाज नवाज और वाराणसी क्षेत्रीय कार्यालय से आए हुए प्रबंधक रोहित कुमार का रहा। कार्यक्रम का संचालन शिशिर खरे द्वारा किया गया, उनके आवाज ने कार्यक्रम की शमां को रोशन रखा।

जीआरपी ने मंदिर से नशेड़ियों को खदेड़ा, खुशी की लहर

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित शंकर मंदिर की बारादरी में कब्जा जमाए नशेड़ियों और संदिग्ध चोर, उचक्कों को जीआरपी ने खदेड़ दिया। कुछ ने विवाद करना चाहा तो पुलिस वाले उनके साथ सख्ती से पेश आए। उन्हें थाने की सैर कराने के बाद हिदायत देकर छोड़ा। जीआरपी की इस कार्यवाही से मन्दिर से जुड़े सेवकों और श्रद्धालुओं में खुशी की लहर है। वे पुलिस के इस कार्य की सराहना कर रहे हैं।

बता दें कि मंदिर परिसर में शिव के अलावा दुर्गा और हनुमान जी की मूर्तियां स्थापित है। यह मन्दिर

स्टेशन परिसर में नशेड़ियों, चोरों का लगता है जमघट

लोगों की आस्था का केंद्र बना है। सावन माह में मेला लगता है। स्टेशन रोड के श्रद्धालु हर वर्ष भंडारा आयोजित करते हैं। तत्कालीन आरपीएफ इंस्पेक्टर सीपी मिश्रा ने हनुमान मूर्ति स्थापना में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। जीआरपी थाने के पुलिस कर्मी भी सहयोग करते हैं। बताया गया कि कुछ सालों से मन्दिर नशेड़ियों की पनाहगाह बन गई। लोग सुबह से रात तक नशा करते। इसको आड़ में चोर उचक्के भी सक्रिय हो गए। जो यात्री को नुकसान पहुंचाने की फिराक में रहते हैं। जानकारी होने पर एसओ जीआरपी देवेंद्र सिंह मंदिर में पहुंचे। उन्हें नशा करते लोग मिल गए। पकड़ कर थाने ले आए। पुलिस के अनुसार कई रसूख वाले नशा करने आते हैं। एसओ ने कहा कि दुबारा मिले तो सीधे जेल भेज दूंगा।

मैरेज हाल में तोड़फोड़ व लूटपाट पर रिपोर्ट दर्ज

अखंड भारत संदेश

कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़। नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह स्थित एक मैरिज गार्डन में कार्यक्रम के दौरान मनचले युवक ने अपने चार पांच साथियों संग पुरानी रंजिश को लेकर जमकर मारपीट और तोड़फोड़ किया। विरोध करने पर टेंट हाउस के मालिक फूलचंद्र उर्फ बन्ने व लाइट मैकेनिक शकील के साथ भी मारपीट, गाली गलौज किया। घटना की खबर पाकर मौके पर पहुंचे मैरेज हाल के मालिक वरुणेश कुमार अग्रहरि ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उन्हें भी मारा पीटा, व उनके गले में पड़ी सोने की चेन छीन लिया। पीड़ित की लिखित शिकायत के बाद भी जेठवारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं किया। परेशान वरुणेश ने पुलिस अधीक्षक व एडिशनल एसपी से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज कराया। मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों के आदेश पर जेठवारा पुलिस को मोहित समेत चार अज्ञात लोगो के खिलाफ मार पीट ,गाली गलौज तोड़ फोड़, जान से मारने की धमकी समेत लूट का मुकदमा दर्ज किया।

कम्पनी गार्डेन के पास ठेलेवालों पर लगा जुमार्ना

नगर पालिका ने अतिक्रमणकारियों को तीन दिन की दी मोहलत

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नगर पालिका परिषद बेल्हा द्वारा शहर के मुख्य मार्गों पर तीन दिन के अंदर अतिक्रमण हटाने की सार्वजनिक चेतावनी माइक द्वारा घूम-घूमकर दी गई तथा कम्पनी गार्डेन के पास अतिक्रमण कर ठेले पर सब्जी बेंचने वाले ठेलेवालों का चालान काटकर 1400 रुपये वसूला गया।

बता दें कि शहर में पंजाबी मार्केट, कम्पनी गार्डेन से चैक और चैक से भंगवा चुंगी पर सड़क के किनारे लगे ठेले व वाहनों से आए दिन जाम लगता है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने व्यापारियों की बैठक कर सड़क के किनारे अतिक्रमण न करने की बात व्यापारियों से की है।

अब जिलाधिकारी संजीव रंजन ने भी पहल करते हुए नगर पालिका

ठेलेवाले का चालान काटते नगर पालिका कर्मचारी।

के अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया है जिसके तहत नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, टीसी राजेश कुमार ने जहां सार्वजनिक मार्ग पर ठेले लगाने वालों का चालान काटा, वहीं तीन दिन का मौका बीतने पर शहर में फिर से अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाएगा। नगर पालिका के ईओ राम अचल कुरील ने कहा है कि अतिक्रमण से आवागमन प्रभावित हो रहा है जिसके कारण अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर अतिक्रमणकारियों का चालान काटने का क्रम जारी रहेगा।

डाककर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, डाक व्यवस्था चरमराई कार्य बाधित

चौथे दिन भी धरना प्रदर्शन रहा जारी, कार्य बाधित

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय स्तर पर ग्रामीण डाक सेवकों की हड़ताल चैथे दिन भी जारी रही। पूर्ण रूप से सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्राप्त करने, पेंशन व तमाम मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के संबंध में सभी ग्रामीण डाक सेवक संघों ने गुरुवार को भी अपनी आवाज बुलंद रखी। पूरे जिले में डाक सेवाएं पिछले चार दिनों से प्रभावित चल रही है जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

पूरे देश में पिछले चार दिनों से ग्रामीण डाक सेवक हड़ताल

अनिश्चितकालीन धरना देते डाक कर्मचारी।

पर है जिसमें उनकी प्रमुख मांग पूर्ण रूप से सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्राप्त करने संबंधित है क्योंकि वर्तमान में ग्रामीण डाक सेवकों को एक्स्ट्रा डिपार्टमेंटल एम्पलाइज यानि अपूर्ण कर्मचारी का दर्जा प्राप्त है। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के बैनर तले सचिव अनिल कुमार शुक्ला के नेतृत्व में कल शुक्रवार को भी नारेबाजी जारी रही। ग्रामीण स्तरों में डाक का वितरण एवं बैंकिंग पूर्ण रूप से ठप हो चुका है एवं पेंशन, किसान सम्मान निधि योजना के खाते, आधार सेवाएं का भी कार्य रुक गया है भी जिससे आमजन पिछले चार दिनों से परेशान चल रहे है। उत्तर प्रदेश परिमंडल के सचिव सी बी तिवारी ने कहा है, जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी डाक सेवाएं पुनः शुरू नहीं हो सकती। इस मौके पर अध्यक्ष सुरेश कुमार पांडे, मंत्री देवेश तिवारी व सदस्य अनुराग, धीरज, आदित्य, समीर, उत्कर्ष, सचिन आदि मौजूद रहे।

वाहन नियंत्रित गति में चलाकर जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं: डीएम

डीएम ने सड़क सुरक्षा जागरूकता के प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा दिवस का रंगारंग उद्घाटन एआरटीओ कार्यालय में जिलाधिकारी संजीव रंजन ने किया। उन्होने इस अवसर पर कहा कि हमारा जीवन अमूल्य है, हम सड़क पर जब चलें तो यातायात के नियमों को ईमानदारी के साथ पालन करें। अनियंत्रित और तेज गति से वाहन चलाने पर दुर्घटनाएं होती है जिसमें बहुत सारे लोगों की मौत हो जाती है।

जिलाधिकारी ने कहा कि

एआरटीओ कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बोलते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

आज जरूरत इस बात की है कि हम स्वयं एवं दूसरों के जीवन को सुरक्षित रखें और यातायात के सभी नियमों का सम्मान करें एवं वाहन चलाते समय उन्हें ईमानदारी के साथ अपने जीवन में लागू करें। वाहन को नियंत्रित गति में चलाएं और जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं। इस अवसर पर एआरटीओ बी0के0 सिंह एवं दिलीप गुप्ता ने द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिये सभी को शपथ दिलायी। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड ओ0पी0 चैरसिया, सीओ सिटी करिश्मा गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, एआरएम रोडवेज ने भी सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया। साकेत गर्ल्स डिग्री कालेज की छात्राओं ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति की। कार्यक्रम में डाक्टर राजेश, सर्वेश कुमार, विजय सिंह, अरविन्द श्रीवास्तव, सत्यम गुप्ता, अंजनी सिंह, असलम, रश्मि एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस ने किया। कार्यक्रम के उपरान्त जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता के प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

दारुल उलूम गुलशने मदीना समेत दो मदरसा बना हज फैसिलिटेशन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अल्पसंख्यक कल्याण लखनऊ के निदेशक द्वारा जिले में हज-2024 के लिये हज-ई सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है जिसके क्रम में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रभात कुमार द्वारा जिले में दो फैसिलिटेशन सेंटर बनाया गया, जिनमें नगर के पल्टन बाजार स्थित मदरसा दारुल उलूम गुलशने मदीना व कुण्डा के बरई स्थित मदरसा दारुल उलूम बाजे अशहब शामिल हैं। पल्टन बाजार स्थित मदरसा दारुल उलूम गुलशने मदीना के नोडल अधिकारी जनाब मुख्तार अहमद हबीबी ने बताया कि फैसिलिटेशन सेंटर पर हज पर जाने वाले लोग अपना आवेदन सुबह दस बजे से सायं पांच बजे तक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिये मोबाइल नम्बर-9554298786 पर संपर्क किया जा सकता है।

विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगी विधायक आराधना मिश्रा मोना

लालगंज, प्रतापगढ़। रामपुर खास की विधायक व कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना शनिवार को निर्वाचन क्षेत्र के विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगी। विधायक मोना दोपहर बारह बजे पूरे इच्छाराम में जल परियोजना का भूमि पूजन करने के पश्चात रामपुर रजबहा के नवनिर्मित पुल का लोकार्पण करेंगी। इसके पश्चात दोपहर डेढ़ बजे वह अनेहरा में पूर्व प्रधान रमाशंकर शुक्ल के घर शोक प्रकट करने पहुंचेगी। विधायक मोना सायं चार बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगी।

अधिवक्ता के घर लाखों की हुई चोरी

मां के तेरही में गये थे गांव, चोरों ने घर खंगाला

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शहर के बलीपुर में अधिवक्ता के घर लाखों की चोरी करने का मामला सामने आया है। शहर के मुख्य मार्ग भंगवा चुंगी-कचहरी मार्ग पर चारु नर्सिंग होम के पास अधिवक्ता रवीन्द्र कुमार दुबे का मकान है।

वह अपनी मां के तेरही में शामिल होने के लिये कल परिवार सहित अपने गांव प्रजापति थाना दिलीपपुर गये हुए थे। चोरों ने मौका देखकर अधिवक्ता के शहर स्थित घर में घुसकर लाखों का वारा-न्यारा किया। इसमें सोने का झुमका, अंगूठी, मांग का टीका, दस तोला चांदी का पायल व 20 हजार नगद चोरी हो गया है। पीड़ित अधिवक्ता ने बताया कि लगभग पांच लाख की चोरी का अनुमान है। अधिवक्ता रवीन्द्र कुमार दुबे ने घटना की लिखित तहरीर कोतवाली में दी है।

दहेज उत्पीड़न में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने दबोचा

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। दहेज उत्पीड़न के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लालगंज कोतवाली के रामपुर बावली निवासी राजकुमार का पुत्र राजेश कौशल प्रयागराज में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में वांछित चल रहा था। प्रयागराज की कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ गैरजमानती वारण्ट जारी किया था। शुक्रवार की सुबह उप निरीक्षक कबीरदास ने आरोपी को रामपुर बावली चैराहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को सक्षम न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

ओटीएस योजना में छह हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने कराया रजिस्ट्रेशन

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। जिले में ओटीएस योजना को लेकर विद्युत महकमे में खूब जमकर प्रचार प्रसार किया था हालांकि पट्टी तथा आसपुर देवसर ब्लाक में कुल 6000 से अधिक उपभोक्ताओं ने पंजीकरण करा कर इसका लाभ उठाया। वहीं अन्य विद्युत उपकेंद्र फिसड्डी साबित हुए हैं पट्टी में कुल 24869 उपभोक्ताओं में 3104 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया तो वहीं आसपुर देवसारा में कुल 3278 लोगों ने पंजीकरण करा कर इसका लाभ उठाया।

कठिन परिश्रम और अनुशासित रहकर जीवन में सफलता प्राप्त करें

जनपदीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के विजेताओं के वितरित किया गया पुरस्कार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। संत एन्थोनी इण्टर कालेज में जनपदीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के विजेताओं के पुरस्कार वितरण समारोह और दिव्यांग विद्यार्थियों का एक दिवसीय जनपदीय खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी संजीव रंजन ने दीप प्रज्जवलित कर किया। दिव्यांग विद्यार्थियों ने सरस्वती वदना और स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपदीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के प्रतिभागियों और विजेताओं की प्रशंसा की तथा

संत एन्थोनी इण्टर कालेज में आयोजित कार्यक्रम से मौजूद छात्राएं।

दिव्यांग विद्यार्थियों की जनपदीय खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता के लिये शुभकामना दी। उन्होने इस अवसर छात्र-छात्राओं से कहा कि कठिन परिश्रम और अनुशासित रहकर ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। छात्र-छात्रायें लक्ष्य निर्धारित करें और उस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निरन्तर प्रयास करें और आगे बढ़ें।

उन्होने इस दौरान जनपदीय विज्ञान मॉडल के विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह एवं संत एंथोनी इण्टर कालेज के फादर आनन्द के0वी0 जान ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा0 विन्ध्याचल सिंह, कुलश्रेष्ठ तिवारी, राजकुमार सिंह, जिला समन्वयक रंजन प्रताप व राजेश कुमार पाल सहित अभिषेक तिवारी, परवेज अंसारी, अंजु पाण्डेय, नुसरत, राजेश दुबे, प्रशांत सिंह, ममता मिश्रा, शरद दूबे, आशीष त्रिपाठी, ऋषिकेश शुक्ला आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संत एंथोनी इण्टर कालेज की शिक्षिका महाजवीन बानो और राजकीय इण्टर कालेज के प्रवक्ता बृजेश मिश्रा द्वारा किया गया।

कन्या सुमंगला योजना के तहत बालिकाओं को मिलेगी 15 हजार की आर्थिक सहायता

लाभार्थी कन्या सुमंगला योजना का उठाये लाभ, करें आनलाइन आवेदन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया है कि कन्या सुमंगला योजना कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करने, समान लैंगिक अनुपात स्थापित करने, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने, बालिका के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन देने एवं स्वावलम्बी बनाने में सहायता प्रदान करने हेतु लागू की गयी है।

कन्या सुमंगला योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों को जन्म से लेकर ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई के लिये आर्थिक सहायता दी जाती है। इस योजना में बेटियों को आर्थिक सहायता के रूप में रुपए 15000 की राशि मुहैया करायी जाती है। कन्या सुमंगला योजना के तहत बालिकाओं को छः श्रेणियों क्रमश प्रथम श्रेणी में बालिका के जन्म होने के उपरान्त 2000, द्वितीय श्रेणी में बालिका के एक वर्ष तक के पूर्ण टीकाकरण के उपरान्त 1000, तृतीय श्रेणी में कक्षा प्रथम में बालिका के प्रवेश के उपरान्त 2000, चतुर्थ श्रेणी में कक्षा छः में बालिका के प्रवेश के उपरान्त 2000, पंचम श्रेणी में कक्षा नौ में बालिका के प्रवेश के उपरान्त 3000 तथा षष्टम श्रेणी में स्नातक वर्षीय अवधि को डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश के उपरान्त 5000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। उन्होने कन्या सुमंगला योजना की अनिवार्य पात्रता के सम्बन्ध में बताया है कि लाभार्थी का परिवार उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हो, लाभार्थी की परिवार की वार्षिक आय अधिकतम रुपए 3 लाख हो, परिवार की अधिकतम 02 बालिकाओं को योजना का लाभ मिल सकेगा, लाभार्थी के परिवार में अधिकतम 02 बच्चे हो, यदि किसी महिला को पहले प्रसव से बालिका है व द्वितीय प्रसव से 2 जुड़वा बालिकायें होती है, केवल ऐसी अवस्था में ही तीनो बालिकाओं का लाभ मिल सकेगा, यदि किसी ने अनाथ बालिका को गोद लिया हो तो उसकी जैविक सन्तान तथा गोद ली गयी सन्तान को सम्मिलित करते हुये अधिकतम 02 बालिकाओं को लाभ मिल सकेगा। योजना के तहत आनलाइन आवेदन करते समय बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, परिवार की वार्षिक आय के सम्बन्ध में स्व-सत्यापन, निर्धारित प्रारूप पर शपथ पत्र, बालिका का नवीनतम फोटो तथा आवेदक व बालिका का नवीनतम संयुक्त फोटो अनिवार्य है। योजना का आनलाइन आवेदन पत्र विभागीय पोर्टल पर किया जायेगा। लाभार्थी को देय धनराशि पीएफएमएस के माध्यम से उसके बैंक खाते में हस्तांरित की जायेगी।

हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लालगंज के चकवा कौशिल्यापुर निवासी रामनाथ का पुत्र कमलेश हत्या के प्रयास के एक मामले में वांछित चल रहा था। रानीगंज कैथौला चैकी प्रभारी सुरेन्द्र सिंह ने मुखबिर की सूचना पर वांछित कमलेश को शुक्रवार की सुबह घर से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली में पूछताछ के बाद हत्या के प्रयास में वांछित आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

पछुआ हवाओं से बढ़ गई गलन, लोग हो रहे बीमार

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टी सहित आसपास के इलाकों में इस समय ठंड के प्रकोप से लोग कांप रहे हैं, हालांकि शासन स्तर पर अलाव की कोई व्यवस्था नहीं है , वही पछुआ हवाओं के चलने से लोग ठंड का शिकार होकर बीमार हो रहे हैं मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में ठंड और भी बढ़ सकती है तहसील क्षेत्र में इस समय ठंड के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं अधिकतम तापमान 25 डिग्री तथा न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी होने तथा पछुआ हवा चलने से सर्द का सितम कहर ढाने लगा है शाम तीन बजे के बाद मौसम ठंडा हो जाता है और गलन बढ़ जाती है तथा सुबह के समय कोहरा छा जाता है।

जैविक मेला का आयोजन 23 को

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया है कि 23 दिसम्बर 2023 को स्व0 चैधरी चरण सिंह (भूतपूर्व प्रधानमंत्री) के जन्म दिवस के अवसर पर जनपद एवं विकास खण्ड स्तरीय किसान सम्मान दिवस जैविक मेला का आयोजन किया जायेगा। जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं उद्यान में अधिक उत्पादन प्राप्त करने वाले चयनित कृषको को पुरस्कृत किया जायेगा है तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जैविक मेला का आयोजन 23 दिसम्बर को पूर्वान्ह 10 बजे से कृषि भवन प्रतापगढ़ के परिसर में किया जायेगा जिसमें जैविक उत्पादन करने वाले कृषकों को भी पुरस्कृत किया जायेगा। विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु प्रदर्शनी स्टाल भी लगाया जायेगा।

मण्डलायुक्त ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

कमिश्नर विजय विश्वास पंत ने नगर पंचायत अझुवा के हनुमान इंटर कालेज में बूथ का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। मण्डलायुक्त रोल प्रेक्षक विजय विश्वास पन्त द्वारा उदयन सभागार में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई बैठक में मण्डलायुक्त ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत विधानसभावार प्राप्त फार्मों की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि नियमानुसार फार्मों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियां की समस्याओ सुझाओ को भी सुना मण्डलायुक्त ने मतदान केन्द्र हनुमान इण्टर कॉलेज, अझुवा एवं प्राथमिक विद्यालय मंझनपुर प्रथम का निरीक्षण कर फार्मों की रैण्डम चेकिंग करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने बूथों का सत्यापन भी किया इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे। कमिश्नर विजय विश्वास पंत ने शुक्रवार को नगर पंचायत अझुवा के हनुमान इंटर कालेज में बूथ संख्या 171 और 172 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्र पर उपस्थित बीएलओ पवन सिंह, रामकिशन पाल से मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए फॉर्म 6 प्राप्ति ,नाम काटने की फार्म संख्या 7 व संशोधन की फार्म संख्या 8 से संबंधित जानकारी ली साथ ही कमिश्नर ने बी एल ओ को मतदाता सूची के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम नायब तहसील दार विनय सिंह, लेखपाल सुनील, नगर पंचायत अझुवा अध्यक्ष प्रतिनिधि ओम प्रकाश कुशवाहा, प्रशांत केसरवानी सहित सभासद मौजूद रहे।

अचानक घर का जीना गिरने से एक व्यक्ति की मौत तीन लोग गंभीर रूप से घायल

अझुवा कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के अलीपुर जीता में शुक्रवार को अचानक मेवालाल के घर का जीना गिरने से गृहस्वामी के पुत्र की मौत हो गयी हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल है घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर तमाम लोगों के भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है। हादसे के बाद मृतक परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के अलीपुर जीता गांव में शुक्रवार को अचानक मेवा लाल के घर का जीना भर भरा कर गिर गया इस हादसे में राजेंद्र सरोज उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र मेवा लाल सरोज और मेवा लाल उम्र 60 वर्ष पुत्र शैदीद सरोज केशवा सरोज उम्र 65 वर्ष पुत्र कलेशर और रिश्तेदारी में आए राजेंद्र सरोज के फूफा रमेश उम्र 25 वर्ष पुत्र अज्ञात निवासी कमालपुर टिकरी थाना कड़ा धाम जीना के गिरे मलवे के नीचे दब गए मामले की जानकारी मिलते ही आसपास के तमाम लोग मौके पर पहुंचे और मालवा हटाकर दबे लोगों को बाहर निकाला तब तक राजेंद्र सरोज पुत्र मेवा लाल की मौत हो चुकी थी।

डीएम ने गोल्डेन कार्ड बनाये जाने की प्रगति की समीक्षा कर तेजी से प्रगति लाने के दिये निर्देश

लापरवाही बरतने वाले पंचायत सहायकों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाये जा रहें गोल्डेन कार्ड की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में जिलाधिकरी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रवार प्रतिदिन बनाये जा रहें गोल्डेन कार्ड की प्रगति की विस्तृत समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर प्रगति लाने के निर्देश दिये।

बैठक में प्रभारी चिकित्साधिकारियों ने बताया कि गोल्डेन बनाये जाने के कार्य में पंचायत सहायकों द्वारा अपेक्षित सहयोग नहीं किया जा रहा है, जिस पर डीएम ने जिला पंचायतराज अधिकारी को गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में अपेक्षित प्रगति न लाने वाले पंचायत सहायको को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि जिलापूर्ति अधिकारी से समन्वय कर कोटेदारो के माध्यम से अन्त्योदय कार्डधारकों एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में सहयोग प्राप्त किया जाय।सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में लापरवाही बरतने वाली एएनएम एवं आशाओं के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतो में आयोजित हो रहें विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में कैम्प लगाकर लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में प्रगति लायी जाय। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करते हुए गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में तेजी से प्रगति लाना सिनश्चित करें।बैठक में बताया गया कि जनपद में अब तक 04 लाख 87 हजार 550 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुकें है। बैठक में एडीएम अरूण कुमार गोंड एवं सीएमओ डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बलकरनपुर में ग्राम चौपाल के आयोजन में सीडीओ ने सुनी लोगों की समस्याएं

लेखपाल कानूनगो के वेतन रोकने के निर्देश के साथ उप जिलाधिकारियों को स्पष्टीकरण निर्गत किये जाने के निर्देश दिये गये

महगाव कौशाम्बी। डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी कौशाम्बी द्वारा 15 दिसम्बर को ग्राम पंचायत बलकरनपुर विकास खण्ड मूरतगंज में ग्राम चौपाल की गयी। उक्त ग्राम चौपाल में संजय कुमार गुप्ता खण्ड विकास अधिकारी मूरतगंज, पशुचिकित्साधिकारी मूरतगंज, अवर अभियन्ता, लघु सिंचाई, प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी मूरतगंज, सहायक विकास अधिकारी आई0एस0बी0 सहायक विकास अधिकारी(पंचायत सहायक विकास अधिकारी स /क0 पूर्ति निरीक्षक, ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान मानसिंह उपस्थित थे। उक्त चौपाल कार्यक्रम में पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लघु सिंचाई, आई0सी0डी0एस0, समाज कल्याण विभाग एवं खाद्य एवं रसद विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में सम्बन्धित विभाग द्वारा ग्रामवासियों को जानकारी दी गयी। ग्राम चौपाल में राजस्व से सम्बन्धित शिकायत प्राप्त गयी, परन्तु राजस्व विभाग के कानून-गो व लेखपाल के अनुपस्थित होने के कारण उनका त्वरित निस्तारण नहीं हो सका। जिस पर डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी कौशाम्बी द्वारा घोर आपत्ति की गयी कि प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित चौपाल में राजस्व विभाग के लेखपाल उपस्थित नहीं होते है, जबकि इस सम्बन्ध में उप जिलाधिकारियों को वेतन रोकने के निर्देश के साथ स्पष्टीकरण निर्गत किये जाने के निर्देश दिये गये, परन्तु उसके उपरान्त भी सुधार परिलक्षित नहीं हुई है। इस सम्बन्ध में डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी को सम्बन्धित लेखपाल का दिनांक 15.12.2023 का वेतन रोकने हेतु निर्देश दिये गये डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पोषण माह के अन्तर्गत गोद भराई और अन्नप्राशन का कार्यक्रम सुपरवाइजर की अगुवाई में किया गया तथा और सभी को पोषण से संबंधित बातें भी बतायी गयी।

श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व सिर पर कलश रखकर भक्तों ने किया नगर भ्रमण

कौशाम्बी। जनपद मुख्यालय मंझनपुर के ओसा स्थित वृद्धजन आश्रम में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन 15 दिसंबर से शुरू हो गया है श्रीमद् भागवत कथा की सफलता को लेकर श्रीमद् भगवान कथा के प्रारंभ के पूर्व मुख्य श्रोता सावित्री शुक्ला और कन्हैया प्रसाद शुक्ला सहित सैकड़ो महिला पुरुष भक्तों ने सिर पर कलश रखकर नगर भ्रमण किया भागवत कथा का आयोजन संयुक्त जिला चिकित्सालय परिवार द्वारा आयोजित किया गया है कथा व्यास आनंद धाम सरकार महर्षि नागेंद्र जी महाराज गुरुजी श्री धाम वृंदावन धाम श्री धाम चित्रकूट के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है श्रीमद् भागवत कथा के प्रसंग को सुनने के लिए भगवत कथा पंडाल में पहले दिन महिला पुरुष भक्तों की भारी भीड़ मौजूद रही।

सीडीओ ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम की समीक्षा

सम्बन्धित अधिकारियों को छूटे हुए पात्र लाभार्थियों का सर्वे कर सूची संकलित कराने के दिये निर्देश

कोई भी पात्र लाभार्थी रजिस्ट्रेशन से वंचित पाया जाता है तो सम्बन्धित विभागीय कर्मी के विरुद्ध की जायेंगी अनुशासनात्मक कार्यवाही

कौशाम्बी। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा विकास भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के सफल आयोजन के सम्बन्ध में नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की गयी बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने अभी तक जनपद के ग्रामों में आयोजित हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का फीडबैक एवं छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित/चयन के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही की जानकारी नोडल अधिकारियों से प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि सभी विभागीय अधिकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में अपने क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं से वंचित पात्र लाभार्थियों की सूची मोबाइल नम्बर सहित विकास खण्ड स्तर पर तैयार करना सिनश्चित करें तथा आवेदकों का विवरण रजिस्टर में अंकित किया जाय। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के आयोजन के एक सप्ताह के अंदर सर्वे कराते हुए लाभार्थियों की पात्रता का सत्यापन किया जाय तथा सत्यापन में पात्र पाए गए आवेदकों से आवश्यक अभिलेख एकत्र कर विभागीय पोर्टल पर उनके आवेदन को ऑनलाइन करायें, यदि किसी आवेदक के पास आय, जाति, निवास या बैंक खाता अनुपलब्ध है तो अर्न्तविभागीय समन्वय करते हुए आवेदक को लाभान्वित कराया जाय।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद यदि कोई पात्र लाभार्थी रजिस्ट्रेशन से वंचित रह जाता है तो सम्बन्धित विभागीय कर्मी के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। सभी विभागीय अधिकारी अभी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा से आच्छादित ग्राम पंचायतों में रजिस्टर्ड किए गए लाभार्थियों की सूची दिनांक 20 दिसम्बर 2023 तक तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें बैठक में परियोजना निदेशक मनोज वर्मा, उप कृषि निदेशक सतेन्द्र तिवारी, अग्रणी जिला प्रबन्धक जितेन्द्र चौधरी, जिला पंचायतराज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ए0के0 सागर एवं बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

16 दिसम्बर को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

कौशाम्बी। जनपद की ग्राम पंचायत-जलालपुर टेंगाई, छिमिरछा, पंसौर, सेंवथा, गोहरा मारूफपुर व बरौली में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा कोखराज, थाम्बा अलावलपुर, फरीदपुर चकताजपुर, दुगार्पुर, इटैला व दुगौली में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 16 दिसम्बर 2023 को ह्लविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा ।विकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी ह्लमेरी कहानी मेरी जुबानीह्वके तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ-ह्लधरती कहे पुकारह्व एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेंगा।

टीकाकरण पशु चिकित्सा सचल वाहनों को हरी झंडी दिखाकर जिलाधिकारी ने किया रवाना

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने शुक्रवार को खुरपका-मुंहपका टीकाकरण पशु चिकित्सा सचल वाहनों को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पशु चिकित्सा सचल वाहन जनपद के प्रत्येक ग्राम में जाकर पशुओं का टीकाकरण करेंगी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ए0 के0 सागर ने बताया कि राष्ट्रीय पशु रोग नियन्त्रण कार्यक्रम के तहत 15 दिसम्बर 2023 से 29 जनवरी 2024 तक खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान का तृतीय चरण संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में समस्त गौवंशी पशु 1 लाख 76 हजार 495 एवं महिषवंशीय पशु 3 लाख 64 हजार 403 का टीकाकरण 04 माह से छोटे एवं 08 माह से ऊपर ग्याबन पशुओं को छोड़कर किया जाना है। खुरपका-मुंहपका एक विषाणु जनित संक्रामक रोग है, जिसके संक्रमण में आ जाने के उपरान्त पशु को तेज बुखार आता है, मुंह से लार गिरती है, मुंह एवं पैरों में छाले पड़ जाते है, पशु चारा खाना छोड़ देता है, दुग्ध उत्पादन घटते-घटते शून्य हो जाता है। ग्याबन पशु बच्चा गिरा देता है और अगर सही समय पर उपयुक्त इलाज नही दिया गया तो पशु की मौत भी हो जाती है। इस रोग से विदेशी नस्ल की गाय ज्यादा प्रभावित होती है। इस रोग से बचाव के लिए टीकाकरण मात्र एक रास्ता है। राष्टीय पशु रोग नियन्त्रण कार्यक्रम जो केन्द्र सरकार द्वारा पोषित है, एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित है, मे समस्त पशु पालकों के द्वार पर उनके पशुओं को निःशुल्क टीकाकरण किया जाता है। इस कार्यक्रम में टीकाकरण से पूर्व कान में छल्ला डलवाना अनिवार्य है। टीकाकरण उपरान्त टीम द्वारा आपके पशुओं में किये गये टीकाकरण को भारत पशुधन एप पोर्टल पर अपलोड किया जाना है, जिसके उपरान्त ही टीकाकरण कर्मी को उसके मानदेय दिये जाने का प्राविधान है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने सभी पशुपालकों को सूचित किया है कि पशुपालन विभाग द्वारा चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत टीका कर्मियों का सहयोग करते हुये अपने समस्त पशुओं में टीका लगवाये एवं टीकाकरण कार्य से पूर्व ईयर टैग छल्ला अवश्य लगवायें। इसके साथ ही साथ अपने गाँव में टीकाकरण की तारीख जानने के लिए अपने ग्राम प्रधान अथवा विकास खण्ड पर स्थित पशु चिकित्साधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं।

न्यूज झरोखा

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य एवं अधिकारियों के भ्रमण के दृष्टिगत बैठक

कौशाम्बी। अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड द्वारा उदयन सभागार में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, भारत सरकार के सदस्य एवं अधिकारियों के जनपद भ्रमण के दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गयी बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी नीरज कुमार ने बताया कि दिनांक 20 दिसम्बर 2023 को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, भारत सरकार के सदस्य एवं अधिकारियों द्वारा जनपद के ऑगनबाड़ी केन्द्रों, विद्यालयों, जिला चिकित्सालयों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं एनआरसी आदि का निरीक्षण व बैठक किया जायेंगा तथा दिनांक 21 दिसम्बर 2023 को सदस्यगण की अध्यक्षता में शिकायत निवारण कैम्प का आयोजन किया जाना प्रस्तावित हैं अपर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, भारत सरकार के सदस्य एवं अधिकारियों के जनपद भ्रमण के दृष्टिगत अपने से सम्बन्धित सभी तैयारियॉ समय से सुनिश्चित कर लिया जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने कहा कि जनपद का आकांक्षात्मक विकास खण्ड कौशाम्बी एवं मंझनपुर के ऑगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आदि पर विशेष ध्यान देते हुए सभी तैयारियॉ कर लिया जाय।

अयोध्या के धमार्चार्य एवम संतो द्वारा पूजित अक्षत कलश की विहिप ने भरवारी में निकाली भव्य शोभायात्रा

भरवारी कौशाम्बी। अयोध्या के धमार्चार्य एवम संतो द्वारा पूजित अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा विहिप कार्यकर्ता द्वारा भरवारी में निकाली गई,यह कलश शोभायात्रा पूरे भरवारी नगर में भ्रमण करते हुए आरएसएस कार्यालय पर पहुंचकर समाप्त हुई,इस कलश यात्रा में सैकड़ो विहिप कार्यकर्ता शामिल हुए। विहिप जिलाध्यक्ष अजय पांडेय के नेतृत्व एवम कोखराज थाना पुलिस की सुरक्षा में अयोध्या से धमार्चार्य एवम संतो द्वारा पूजित अक्षत कलश की भरवारी कस्बे मे भव्य शोभायात्रा निकाली गई,यह कलश यात्रा गौरा रोड बड़ी कुटी से बड़े ही धूमधाम से निकाली गई और पूरे भरवारी कस्बे में भ्रमण करते हुए आरएसएस कार्यालय पर पहुंचकर समाप्त हुई।इस कलश यात्रा में जिला संयोजक विवेक जायसवाल,नगर पालिका परिषद भरवारी अध्यक्ष कविता पासी,पूर्व प्रधान सतीश तिवारी, विहिप के वरिष्ठ पदाधिकारी शिव पूजन राही सहित तमाम लोग शामिल रहे।

17 दिसंबर को वैश्य संकल्प रैली में कौशाम्बी से हजारों की संख्या में प्रतिभाग करेंगे बैश्य : संजय कुमार गुप्ता

कौशाम्बी। अखिल भारतीय वैश्य महा सम्मेलन उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में चार बाग स्टेडियम लखनऊ में दिनाक 17 दिसंबर 23 को होने वाली वैश्य संकल्प रैली में अधिक से अधिक वैश्य बंधुओं के प्रतिभाग हेतु नगर पालिका परिषद भरवारी सहित जनपद के सरायअकिल पश्चिमशरीरा करारी मंझनपुर मनौरी तिल्हापुरआदि बाजारों में 15 दिसम्बर को उत्तर प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने उपस्थित वैश्य बंधुओं को आवाहन किया कि वह अपने व्यापारिक एवम राजनैतिक हितों की पूर्ति हेतु उक्त संकल्प रैली में प्रतिभाग कर अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए प्रदेश में संख्या बल के हिसाब से अपनी हिस्सेदारी की मांग रक्खे तथा संकल्प रैली को सफल बनाने में अपनी महती भूमिका अदा करे। विभिन्न बैठको में उपस्थित सभी वैश्य बंधुओं ने जनपद से हजारों की संख्या में प्रतिभाग करने का संकल्प व्यक्त किया बैठक में गंगा प्रसाद काले जगदीश शिव हरे, वीरेंद्र केशरी,आशीष केशरवानी, दुर्गेश गुप्ता, शुशील केसरवानी,संजय जायसवाल, उमेश केसरवानी, गोपाल केशरवानी, कृष्णारायण रस्तोगी, पावन गुप्ता, सुनील पसारी, आशीष कौशल, रत्न केशवानी, रवि केसरवानी, कल्लू मोदनवाल, आदि के नेतृत्व में संकल्प रैली के महाकुंभ में हजारों लोग सम्मिलित होंगे।

डायट कौशांबी में यौन उत्पीड़न रोकथाम विषय पर वेबीनार का हुआ आयोजन

कौशाम्बी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर में कार्य स्थलों में यौन उत्पीड़न रोकथाम विषय पर एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन किया गया। उक्त वेबीनार का उद्देश्य कार्य स्थलों में हो रहे यौन उत्पीड़न के संबंध में शिक्षकों एवं समस्त हित धारकों को जानकारी साझा करना था। वेबीनार का प्रारंभ श्रीमती भारती त्रिपाठी प्राचार्य उप शिक्षा निदेशक डायट के द्वारा किया गया आपने अपने उद्बोधन में अच्छा और बुरे टच को स्पष्ट करते हुए विशाखा गाइडलाइन पर विशेष बल दिया। वेबीनार में मुख्य वक्ता श्रीमती आरती गुप्ता विशेषज्ञ बालिका शिक्षा राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय लखनऊ ने कार्य स्थलों में महिलाओं के साथ हो रहे यौन उत्पीड़न की चर्चा की तथा प्रत्येक संस्थान में शिकायत प्रकोष्ठ के निर्माण पर बल दिया। महिलाओं को चुप्पी तोड़कर अपनी बात सामने रखने की आवश्यकता पर भी विशेष ध्यान दिया। लालचंद वरिष्ठ प्रवक्ता डायट अयोध्या ने महिलाओं की जीडीपी में भागीदारी को रेखांकित किया और महिलाओं का देश की अर्थव्यवस्था में कितना बड़ा योगदान है इसके बारे में विस्तृत चर्चा की। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को सरकार की प्रथम प्राथमिकता बताया। श्रीमती प्रियंका सिंह खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र रायबरेली ने समाज में हो रहे परिवर्तनों पर ध्यान केंद्रित किया एवं यौन उत्पीड़न के मामलों पर की जा रही कार्रवाइयों पर भी चर्चा की ।अपने पुराने संस्मरणों को याद करते हुए स्कूल शिक्षा के दौरान यौन विषय से संबंधित पाठ पढ़ने में शिक्षकों द्वारा आ रही हिचक को भी बताया । डाइट के वरिष्ठ प्रवक्ता अनिरुद्ध कुमार श्रीवास्तव के द्वारा प्राचीन काल के मातृ सत्तात्मक परिवारों का उल्लेख किया। वर्तमान में आ रहे नैतिक मूल्यों की गिरावट पर भी विशेष चिंता प्रकट की। वेबीनार में अन्य वक्ता के रूप में डॉक्टर वंदना सिंह सुश्री शबनम सिद्दीकी डॉ अनामिका सिंह एवं श्रीमती नैना यादव ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा दिसंबर 2023 में जारी महिलाओं का कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न 2023 के उपबंधों के बारे में विस्तार से बताया ।वेबीनार के सत्रो का संचालन सुरेश चंद्र मिश्र एवं तकनीकी सहयोग एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर संदीप तिवारी द्वारा प्रदान किया गया। उक्त वेबनार में जनपद की 2000 से अधिक शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

संपादक की कलम से

सब कुछ धुंधला है

सब कुछ धुंधला है, धुंधला है, मैं सारे ये गम भुला के घूम रहा, ये गीत पिछले साल आए एक अलबम का है और युवाओं के बीच खासा मशहूर है। इस गीत की जो शुरूआती पंक्तियां हैं, वो देश की सियासत और देश के भविष्य की सटीक बयानी कर रही हैं। राजनैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक तौर पर हम क्या थे, क्या बनाए जा चुके हैं और अब आगे कैसे होंगे, इस बारे में विचार करें तो वाकई सब धुंधला ही नजर आएगा। आज से 20-30-50 साल पहले के भारत को देखें और आज से उसकी तुलना ईमानदारी से करें तो पता चलेगा कि कैसे संविधान में वर्णित मूल्यों को बड़े शातिराना तरीके से किनारे करते हुए हिंदुत्व की जड़ें गहरी की गईं, फिर देश में नफरत की अमर बेल फैलाई गई और अब समाज में जो स्पष्ट विभाजन हो चुका है, उसे सामान्य साबित किया जा रहा है। और इसका दोष अकेले भाजपा या संघ पर नहीं डाला जा सकता, इस देश के जितने राजनैतिक दल हैं, कांग्रेस समेत, वो सब इसमें भागीदार रहे हैं। क्योंकि अगर भाजपा ने 90 के दशक में ऐलान किया था कि मंदिर वहीं बनाएंगे, तो बाकी दलों ने भी अपनी कमियों और कमजोर फैसलों के कारण यह सुनिश्चित किया कि भाजपा मंदिर वहीं बनाए और केवल यहीं पर न रुके, बल्कि जम्मू-कश्मीर, मथुरा, काशी और इस तरह के तमाम मंसूबे जो नागपुर ने पाल रखे थे, उन्हें पूरा करके दिखाए।

देश में पिछले 10 सालों से भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार है। ये पूर्ण बहुमत भाजपा को 2014 में 31 प्रतिशत वोट के साथ मिला और 2019 में 38 प्रतिशत वोट के साथ। कांग्रेस समेत बाकी दल यही कहकर खुश होते रहे कि भाजपा को बहुमत मिलने के बावजूद बचे 60-70 प्रतिशत वोट हमारे पास रहे। लेकिन इन वोटों के बावजूद सत्ता क्यों नहीं मिली, क्यों विधानसभा चुनावों में जीत नहीं मिली, इस पर कोई विचार-विमर्श नहीं किया गया। ये विचारधारा और राजनैतिक प्रतिबद्धता का धुंधलापन है, जिसे केवल भाजपा को भला-बुरा कहकर दूर नहीं किया जा सकता। उसके लिए विपक्षी दलों के पास स्पष्ट नजरिया होना चाहिए। खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि हाल में मिली विधानसभा चुनावों में हार के बावजूद अपने प्रदर्शन को लेकर कोई गंभीर मंथन कांग्रेस में दिखाई नहीं दे रहा है। अभी कांग्रेस इसी में खुश है कि भाजपा को मुख्यमंत्री तय करने में एक हफ्ते से अधिक वक्त लग गया। भाजपा ने तीनों राज्यों में एकदम से नए चेहरों को लाकर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठा दिया है, तो अब भाजपा में बगावत हो सकती है, इसी ख्याल से कांग्रेस प्रसन्न हो रही है। इसी को वैचारिक दिवालियापन या प्रतिबद्धता की कंगाली कहते हैं।

ये सही बात है कि धुंधलापन भाजपा के स्तर पर भी है। अगर दृष्टिकोण की स्पष्टता होती तो मुख्यमंत्री चयन में इतना वक्त नहीं लगता। जीते हुए विधायकों को यह तय करने दिया जाता कि उन्हें किसे विधायक दल का नेता चुनना है। मगर सत्ता के केन्द्रीकरण के आदी हो चुके प्रधानमंत्री मोदी और उनके सिपहसालार अमित शाह किसी भी तरह अपनी पकड़ कमजोर नहीं करना चाहते। इसलिए तीनों राज्यों में पूर्व मुख्यमंत्रियों और अन्य दिग्गजों को प्रतीक्षा की कतार में छोड़कर नए चेहरों को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंप दी। अब ये मुख्यमंत्री खुद को उपकृत मानते हुए आलाकमान के सामने वफादारी साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसके बाद लोकसभा चुनाव की सभी सीटें अपनी पार्टी के खाते में करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा देंगे।

2014 के बाद से ऐसा ही हुआ है कि लोकसभा के बाद विधानसभा चुनावों में जीत मिली, फिर विधानसभाओं के जरिए राज्यसभा में पार्टी की ताकत बढ़ी, उसके बाद मनमाने फैसले लेने में आसानी हुई, फिर दोबारा लोकसभा में जीत मिली और फिर से विधानसभा चुनावों में जीत मिली है। यही क्रम चला तो अगले चुनाव यानी 2024 में भाजपा की जीत के दावे खारिज नहीं किए जा सकते। और अगर ये दावे सही हुए तो फिर उसके बाद के विधानसभा चुनावों में जीत की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। यानी एक जीत से दूसरी जीत का मार्ग प्रशस्त होगा। उससे भाजपा की ताकत बढ़ेगी, लेकिन क्या देश ताकतवर बन पाएगा।

जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते तापमान से जुड़े जीवनी खतरे

जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते तापमान के दुष्प्रभाव से यों तो सभी पीड़ित, परेशान और आशंकित हैं, पर इसके प्रभाव से दुनियाभर में संक्रामक बीमारियों में लाखों लोग आये हैं। विशेषज्ञों ने बढ़ते तापमान के साथ गंभीर बीमारियों के बढ़ने की चेतावनी जारी की है। इस बढ़ते तापमान से कृषि पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है, विकासशील एवं अत्यंत पिछड़े राष्ट्रों में महिलाएं, पुरुषों की अपेक्षा कहीं अधिक आहत हो रही हैं। एक अनुमान के अनुसार, विकासशील देशों की डेढ़ अरब गरीब, आर्थिक रूप से वंचित, निर्णायक भूमिका विहीन, संसाधनों की पहुंच से दूर महिलाएं अपनी परम्परागत भूमिकाओं, सामाजिक अपेक्षाओं और आजीविका के मौजूदा विकल्पों के रहते जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों की अधिक मार झेल रही हैं। दुबई में सम्पन्न कॉप-28 की मीटिंगों में इन विषयों पर गंभीर चचाएं हुई है। संभवतः पिछले तीस वर्षों में जलवायु परिवर्तन की बैठकों इतनी सार्थक चचाएं नहीं हुई है। इस बार भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कहीं बातों एवं सुझावों को प्राथमिकता मिलना, इस जटिल होती समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। कॉप-28 जलवायु सम्मेलन यूएई सर्वसम्मति मसौदे के साथ दुबई में संपन्न हुआ, जिसमें जीवाश्म ईंधन से उचित परिवर्तन की वकालत की गई और जलवायु संकट से निपटने के लिए अतिरिक्त जलवायु वित्तपोषण प्रतिबद्धताओं की पेशकश की गई। हालाँकि जितनी विकराल समस्या है उसे देखते हुए जलवायु परिवर्तन के राक्षसों को नियंत्रित करने के लिए अभी व्यापक प्रयत्नों एवं संकल्पों से आगे बढ़ने एवं कठोर निर्णय लेकर उनकी क्रियान्विति आवश्यक है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने चेतावनी देते हुए कहा है कि जलवायु संकट से लोग बीमार हो रहे हैं और यह जीवन को खतरे में डाल रहा है। इन महत्वपूर्ण कॉप वार्ताओं में स्वास्थ्य चर्चा के केंद्र में होना चाहिए। डब्ल्यूएचओ का मानना है कि सम्मेलन को जलवायु संकट से निपटने के लिए शमन, अनुकूलन, वित्तपोषण और सहयोग के चार प्रमुख लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ना चाहिए। हमारा ध्यान जलवायु संकट से स्वास्थ्य को होने वाले खतरे एवं जलवायु कार्रवाई से होने वाले स्वास्थ्य लाभ पर केन्द्रित होना चाहिए। जलवायु परिवर्तन पहले से ही लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है और जब तक तत्काल कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक यह तेजी से बढ़ता रहेगा। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने कहा कि जलवायु परिवर्तन दुनिया भर में लाखों लोगों को बीमार या बीमारी के प्रति अधिक असरदार बना रहा है। बढ़ते तापमान की घटनाओं की बढ़ती विनाशकारिता गरीब और हाशिए पर रहने वाले लोगों को असमान रूप से प्रभावित करते हैं। कुपोषित व स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित महिलाओं में जलवायु परिवर्तन के कारण मलेरिया, हैजा-दस्त, डेंगू जैसे रोगों की आशंका कहीं अधिक रहती है। यह महत्वपूर्ण है कि बातचीत के केंद्र में स्वास्थ्य को रखने के लिए नेता और निर्णय निमार्ता कॉप 28 में एक साथ आएं।

हमारा स्वास्थ्य हमारे आस-पास के पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है, ये पारिस्थितिकी तंत्र अब वनों को काटे जाने, कृषि और भूमि उपयोग में बदलाव, बढ़ते प्लास्टिक प्रयोग तथा तेजी से हो रहे शहरी विकास के चलते खतरे में हैं। जानवरों के आवासों में अतिक्रमण अब मनुष्यों के लिए हानिकारक विषाणुओं संक्रमण के अवसरों को बढ़ा रहा है। 2030 से 2050 के बीच, जलवायु परिवर्तन से कुपोषण, मलेरिया, डायरिया और गर्मी के तनाव से हर साल लगभग ढाई लाख अतिरिक्त मौतें हो सकती हैं। वर्तमान जनसंख्या वृद्धि और जलवायु परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में कृषि उत्पादकता पहले से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण हो गई है। मौसम में बदलाव की अल्पकालिक घटनाओं तथा दीर्घकालिक जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण धान, मक्का और गेहूं की पैदावार प्रभावित हो रही है और पाया गया कि तापमान का नकारात्मक प्रभाव लम्बे समय की तुलना में अल्पावधि में अधिक होता है। जलवायु परिवर्तन और मौसम में बदलाव की बार-बार हो रही चरम घटनाएं फसल की पैदावार पर कहर बरपा रही हैं और किसानों को अपनी फसलों के नुकसान को सीमित करने के अनुकूल उपाय करने के लिए मजबूर कर रही हैं।

जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को सीमित और नियंत्रित करने के लिए जरूरी है कि भारत दर्शन एवं संस्कृति में इसका समाधान खोजें। भारतीय परम्परा एवं धार्मिक कृत्यों ऐसे-ऐसे विधि-विधान एवं प्रावधान है जो जलवायु संकट से मुक्ति दिलाने में सक्षम है। भारत में धार्मिक कृत्यों में वृक्ष पूजा का महत्व मिलता है। पीपल को पूज्य मानकर उसे अटल सुहाग से सम्बद्ध किया गया है, भोजन में तुलसी का भोग पवित्र माना गया है, जो कई रोगों की रामबाण औषधि है। बिल्व वृक्ष को भगवान शंकर से जोड़ा गया और ढाक, पलाश, दूर्वा एवं कुश जैसी वनस्पतियों को नवग्रह पूजा आदि धार्मिक कृत्यों से जोड़ा गया। पूजा के कलश में सप्तनदियों का जल एवं सप्तभृत्तिका का पूजन करना व्यक्ति-व्यक्ति में नदी व भूमि को पवित्र बनाए रखने की भावना का संचार करता था। सिंधु सभ्यता की मोहरों पर पशुओं एवं वृक्षों का अंकन, सम्राटों द्वारा अपने राजचिन्ह के रूप में वृक्षों एवं पशुओं को स्थान देना, गुप्त सम्राटों द्वारा बाज को पूज्य मानना, मार्गों में वृक्ष लगवाना, कुएं खुदवाना, दूसरे प्रदेशों से वृक्ष मंगवाना आदि तात्कालिक प्रयास पर्यावरण प्रेम को ही प्रदर्शित करते हैं। ह्यपानी और प्रेम को खरीदा नहीं जा सकताह्न जैसी कहावत हमारे यहां प्रचलित रही है। ह्यरहिमन पानी राखिये बिन पानी सब सूनह्न जहाँ इस उक्ति में पानी इज्जत और मान मयार्दा का प्रतीक बन पड़ा है, वही आज के इस पर्यावरणीय संकट में पानी के शाब्दिक अर्थ को ही बचा पाए तो हम रहीम के दोहे के साथ न्याय कर पाएंगे। यह तो केवल एक बानगी है जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते तापमान से हो रहे प्रकृति के विनाश के प्रति चिंता की।

जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते तापमान के लिये बढ़ता प्लास्टिक का प्रचलन भी बड़ा कारण है। वैज्ञानिकों ने कहा है कि प्लास्टिक प्रदूषण बहुत बड़ी समस्या है। किंतु माइक्रो प्लास्टिक की समस्या तो उससे भी कहीं ज्यादा भयानक समस्या बनती जा रही है। माइक्रो प्लास्टिक से विश्व भर के महासमुद्रों में पैदा हो रहा प्रदूषण आने वाले समय में बहुत विकट समस्या साबित होगा। यह समस्या इतनी विकट-विकराल होगी, जो सदियों तक मानव जीवन को प्रभावित करती रहेगी। विश्व की आबादी प्रतिवर्ष लगभग अपने वजन बराबर प्लास्टिक उत्पन्न करती है। प्रतिष्ठित अमेरिकी जर्नल साइंस में प्रकाशित वर्ष 2015 के एक वैश्विक अध्ययन के मुताबिक दुनिया के 192 समुद्र तटीय देशों में तकरीबन साढ़े सत्ताईस करोड़ टन प्लास्टिक कचरे का उत्पादन हुआ, जिसमें से बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा महासमुद्रों में प्रविष्ट हो गया। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आकलन अनुसार प्रतिवर्ष प्रत्येक भारतीय तकरीबन आठ किलोग्राम प्लास्टिक का उपयोग करता है। इसका निष्कर्ष यही हुआ कि भारत में प्रति वर्ष तकरीबन एक सौ लाख टन प्लास्टिक का उपयोग किया जाता है। प्लास्टिक की थैलियां हमारे रोजमर्रा के जीवन की जरूरत और सुविधा दोनों ही बनती जा रही है क्योंकि ये थैलियां आकर्षक, सस्ती, मजबूत और हल्की होती है। लेकिन ये ही प्लास्टिक थैलियां जल, जमीन, जंगल के लिए हद दर्जे तक हानिकारक साबित हो रही है। जल में रहने वाले समुद्री जीवों पृथ्वी पर रहने वाले मनुष्यों और मवेशियों सहित वन्यजीवन को खतरनाक ढंग से खत्म करने के लिए ये प्लास्टिक की थैलियां प्रमुखतः जिम्मेदार बनती जा रही हैं। इस तरह की समस्याओं पर भी कॉप सम्मेलनों में चर्चा होनी चाहिए।

पृथ्वी की रक्षा के लिये पर्यावरणीय प्रदूषण, अन्याय और अशुचिता के खिलाफ जनजागृति होना जरूरी है। भारतीय दर्शन, जीवन शैली, परंपराओं और प्रथाओं में प्रकृति की रक्षा करने का विज्ञान छुपा है। आवश्यकता दुनिया के सामने इसकी व्याख्या करने की है। जब तक हम भारतीय दर्शन के अनुरूप जीवनशैली नहीं अपनायेंगे तब तक ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन जैसी समस्या का समाधान नहीं मिलेगा। इसलिये प्रकृति की रक्षा करने वाली परंपराओं और संस्कृति को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। विदित हो कि पर्यावरण को लेकर भारतीय ज्ञान पूरी तरह वैज्ञानिक है। हमें लालच छोड़ने, पृथ्वी को नष्ट नहीं होने देने और आवश्यकता के अनुरूप प्रकृति के संसाधनों का उपभोग करने का संकल्प लेने से ही ग्लोबल वार्मिंग का समाधान मिलेगा।

(ललित गर्ग)
लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई पी एक्सटेंसन, पटपड़गंज
दिल्ली-110092
फोनः-22727486, मोबाईलः-9811051133

धुएं और नारों पर मौन मोदी

बुधवार को भारत के नये संसद भवन में घुसकर धुंआ फैलाने और बाहर नारेबाजी करने के पीछे जो लोग हैं, उनमें से चार को पकड़ लिया गया है तथा कुछ की तलाश जारी है। इनसे पूछताछ से मुख्यतः जो बात सामने आई है, उससे प्रथम दृष्टया यही प्रतीत होता है कि उनका मकसद कोई बड़ी घटना को अंजाम देना नहीं था, वरन जनता की कतिपय समस्याओं की ओर देश की सबसे बड़ी पंचायत का ध्यान आकृष्ट करना था। यह तो माना जा सकता है कि युवाओं द्वारा अपनी बात को थोड़ा सनसनीखेज तरीके से जरूर उठाया गया है, लेकिन इसके बरक्स दो बातें सामने आई हैं-पहली तो यह कि करोड़ों रुपयों से निर्मित नये संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत लचर है; और दूसरी बात है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हमेशा की भांति चुप्पी। इस हादसे ने साबित कर दिया है कि देश के साथ बड़ी से बड़ी बात हो जाये, मोदी अपना मौन व्रत कतई नहीं तोड़ेंगे। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं वरन एक हद तक शर्मनाक भी है।

नया संसद भवन मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है। देश में जब कोविड-19 का भीषण प्रकोप था तथा देश को महामारी से लड़ने के लिये बड़ी धन राशि की आवश्यकता थी, तब इसका निर्माण किया गया था। मोदी खुद इसकी प्रगति देखने आते रहते थे। उस समय इस बात का यह कहकर विरोध हुआ था कि पुराने संसद भवन के रहते, वह भी ठीक-ठाक हालत में होने के बावजूद इस नये भवन को बनवाना एक बड़ी फिजूलखर्ची है। बाद में यह बात साफ होती चली गई कि इसका उद्देश्य पुराने भवन के साथ नत्थी देश के स्वतंत्रता संग्राम की विरासत को मिटाना है।

खासकर, उस भवन पर पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जो सुखद छांव बनी हुई थी, वह मोदी को उनकी विचारधारा के कारण कड़ी धूप सी प्रतीत होती थी। इसी क्रम में उन्होंने नेहरू के शासकीय निवास तीन मूर्ति भवन को भी प्रधानमंत्रियों के संग्रहालय में बदलवा दिया। नेहरू विरोध के अलावा मोदी नये भवन का 2024 के लोकसभा चुनाव के लिये भी इस्तेमाल करना चाहते हैं। बहरहाल, इस भवन के बारे में दावा किया गया था कि इसकी सुरक्षा बड़ी पुख्ता है। विशेषकर 13 दिसम्बर, 2001 को पुराने भवन पर हुए आतंकी हमले के मद्देनजर इसकी जरूरत भी थी।

इस भवन के उद्घाटन के अवसर पर बुलाये गये विशेष सत्र को छोड़ दें तो यही इसका नियमित सत्र (शीतकालीन) है, जो अब भी जारी है। पहले ही सत्र में, वह भी ठीक उसी दिन- 22 वर्षों के बाद इसकी सुरक्षा व्यवस्था की पोल कुछ निहत्थे युवाओं ने खोलकर रख दी। उनके कृत्य को कतई समर्थन नहीं मिल रहा है परन्तु इसमें कोई शक नहीं रह जाना

चाहिये कि इस भवन की सजावट पर तो खूब ध्यान दिया गया है, लेकिन सुरक्षा की बुनियादी आवश्यकता पूरी तरह से नजरंदाज की गई है। दो दशक पूर्व हुए हमले में तो जांबाज सुरक्षाकर्मियों ने आतंकवादियों को संसद भवन में घुसने तक नहीं दिया था। अबकी एक नहीं दो लोग दर्शक दीर्घा से सदन के बीचों-बीच कूद पड़ते हैं और बाकायदा एक से दूसरी बेंचों को फलांगने में भी सफल हो जाते हैं। इनमें से एक युवक ने अपने जूते में छिपाकर लाये केन स्प्रे से पीला धुंआ भी फैलाया। यानी वे कोई हथियार भी ला सकते थे। वे अगर नहीं लाये तो इसका जवाब बाहर उनके द्वारा लगाये गये नारों में छिपा है। बताया जाता है कि उनके साथ दो लोग और थे परन्तु वे दर्शक दीर्घा से ही अफरा-तफरी का फायदा लेकर निकल गये। महत्वपूर्ण सदन के भीतर का धुंआ ही नहीं है वरन गिरफ्तारी के बाद उनके द्वारा लगाये गये नारे भी हैं, जो उनके उद्देश्य को बतलाता है। वे सामान्यजन हैं जो बेरोजगारी, मणिपुर, तानाशाही से सम्बन्धित नारे लगा रहे थे।

सवाल यह है कि इस घटना के लिये जिम्मेदार कौन है?

इस कांड के ठीक एक दिन पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह लगभग 75 साल पहले हुए देश के विभाजन और कश्मीर के मामले में नेहरू की गलतियां गिना रहे थे, जबकि सामने हुई घटना की जिम्मेदारी से वे बचते फिर रहे हैं। सिर्फ वे नहीं, मोदी भी। पूरी सरकार ही मुंह छिपा रही है। मोदीजी ने इस मामले पर अब तक कुछ नहीं कहा है। इसी तरह गृहमंत्री अमित शाह भी जवाबदेही निभाने में निराश कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस उनके अधीन है और सुरक्षा का जिम्मा उनके ऊपर है। इस मामले पर जब विपक्ष के लोगों ने संसद में सवाल उठाए तो उनके जवाब देने की जगह सांसदों का मुंह जबरदस्ती बंद कराया गया है। राज्यसभा में गुरुवार को विपक्ष ने 28 नोटिस इस मुद्दे पर बहस के लिए दिए थे। इसी तरह लोकसभा में भी एक दर्जन से ज्यादा इंडिया के सांसदों ने नोटिस देकर इस पर चर्चा की मांग की थी। लेकिन दोनों सदनों में किसी भी नोटिस पर सरकार ने चर्चा नहीं होने दी। और सवाल पूछने के जुर्म में 15 सांसदों को निलंबित कर दिया।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले तेलंगाना में मोदी की प्रचार सभा में एक लड़की टावर पर चढ़ गई थी। वह भी बेरोजगारी से त्रस्त थी। रिश्तेदार बतलाते हैं कि वे देश की मूलभूत समस्याओं से व्यथित थे। नीलम ने तो कई परीक्षाएं पास की हैं पर उसके पास नौकरी नहीं है। रोजगार हो या तानाशाही का आरोप-जवाब तो मोदी को ही देने हैं लेकिन उनके पास आत्म प्रशंसा, विपक्ष को कोसने और खुद को निरीह दशार्ने के लिये कई बातें हैं पर इन बुनियादी बातों का उनके पास कोई जवाब नहीं है।

यह नया संसद भवन देशवासियों के पैसों से बना है। इसलिये देश के सुरक्षित हाथों में होने का दिन-रात दावा करने वाले पीएम और भाजपा को बतलाना होगा कि इस गम्भीर चूक का दोषी कौन हैं तथा उन्हें क्या सजा दी जायेगी। बाहर बेरोजगारी और तानाशाही के खिलाफ जो नारे लग रहे थे, उनके जवाब भी मोदी को ही देने हैं। वैसे उनसे इसलिये उम्मीद नहीं की जा सकती क्योंकि पिछले 10 वर्षों से वे मौन ही तो हैं।

यूजीसी और एनसीईआरटी का हिन्दू राष्ट्र शैक्षणिक कार्यक्रम

- राम पुनियानी

नयी शिक्षा नीति (एनईपी) हमारी शिक्षा व्यवस्था के ढांचे और स्वरूप में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाली है। सरकार द्वारा नियमित रूप से ऐसे निर्देश जारी किये जा रहे हैं जिनसे विद्यार्थियों के मनो-मस्तिष्क में हिन्दू राष्ट्रवादी विचार और सिद्धांत बिठाये जा सकें। सरकार ने सबसे पहले विद्यार्थियों के आंदोलनों और उनके प्रतिरोध को कमजोर करने और उनमें भागीदारी करने वालों को डराने-धमकाने का अभियान शुरू किया। इन आंदोलनों के नेताओं पर राष्ट्रद्रोही का लेबल चस्पा कर दिया गया।

भाजपा सरकार केंद्र में अपनी सत्ता की दूसरी पारी के अंत की ओर है। करीब दस साल की इस अवधि में सरकार ने देश के लगभग सभी संस्थानों और संस्थाओं की दशा और दिशा में जो बदलाव किये हैं, वे सबके सामने हैं। ईडी, आयकर विभाग और सीबीआई ने विपक्षी पार्टियों के खिलाफ वह सब कुछ किया, जो वे कर सकती थीं। कई मौकों पर चुनाव आयोग की भूमिका भी निष्पक्ष नहीं रही है। इस बीच, यूजीसी और एनसीईआरटी शिक्षा प्रणाली और पाठ्यक्रमों में सत्ताधारी दल को सुहाने वाले परिवर्तन करने में व्यस्त रही हैं।

नयी शिक्षा नीति (एनईपी) हमारी शिक्षा व्यवस्था के ढांचे और स्वरूप में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाली है। सरकार द्वारा नियमित रूप से ऐसे निर्देश जारी किये जा रहे हैं जिनसे विद्यार्थियों के मनो-मस्तिष्क में हिन्दू राष्ट्रवादी विचार और सिद्धांत बिठाये जा सकें। सरकार ने सबसे पहले विद्यार्थियों के आंदोलनों और उनके प्रतिरोध को कमजोर करने और उनमें भागीदारी करने वालों को डराने-

धमकाने का अभियान शुरू किया। इन आंदोलनों के नेताओं पर राष्ट्रद्रोही का लेबल चस्पा कर दिया गया। तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने प्रस्तावित किया कि प्रत्येक केन्द्रीय विश्वविद्यालय के प्रांगण में एक बहुत ऊंचे खम्बे पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए।

यह भी प्रस्तावित किया गया कि जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय (जेएनयू) के कैंपस में सेना का एक टैंक स्थापित किया जाए। वह इसलिए क्योंकि वहां के विद्यार्थी ऐसे मसले उठा रहे थे जो सरकार को पसंद नहीं थे।

हाल में इसी तर्ज पर कई निर्देश / आदेश जारी किये गए हैं। इनमें से एक यह है कि आरएसएस के प्रचारक और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के संस्थापक दत्ताजी दिदोलकर की जन्म शताब्दी को मनाने के लिए एक साल तक चलने वाले आयोजनों में विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। एक हिन्दू राष्ट्रवादी को राष्ट्रनायक का दर्जा देने का इस प्रयास का फोकस महाराष्ट्र के कॉलेजों पर है. क्या हिन्दू राष्ट्रवादी नेताओं को हीरो बनाने का यूजीसी का यह प्रयास उचित है? क्या हमें उन नायकों को याद नहीं करना चाहिए जो भारतीय राष्ट्रवाद के हामी थे और जिन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक सरकार के खिलाफ संग्राम का नेतृत्व किया था? आरएसएस से जुड़े दिदोलकर न तो स्वाधीनता संग्राम का हिस्सा थे और ना ही वे भारतीय संविधान के मूल्यों में आस्था रखते थे।

यूजीसी ने एक और सर्कुलर जारी कर कहा है कि कॉलेजों में 'सेल्फी पॉइंट' बनाए जाने चाहिए जिनकी पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री मोदी का चित्र हो। कहने की जरूरत नहीं कि यह 2024 के आमचुनाव की तैयारी है। किसी भी प्रजातान्त्रिक देश में ऐसा नहीं होना चाहिए। क्या सरकार को किसी भी एक पार्टी के शीर्ष नेता का प्रचार करना चाहिए? क्या यह प्रजातान्त्रिक मानकों का उल्लंघन नहीं है? प्रजातान्त्रिक और संवैधानिक मूल्यों का इस तरह का खुल्लमखुल्ला मखौल क्या सरकार द्वारा अपनी शक्तियों के घोर दुरुपयोग के श्रेणी में नहीं आता?

इससे भी एक कदम आगे बढ़कर, यह निर्देश जारी किया गया है कि कक्षा सात से लेकर कक्षा बारह तक के विद्यार्थियों को इतिहास के पाठ्यक्रम के भाग के रूप में 'रामायण' और 'महाभारत' पढ़ाया जाना चाहिए (टाइम्स ऑफ इंडिया, 22 नवम्बर, 2023)।

जम्मू-कश्मीरः सत्यमेव जयते

सोमवार (11 दिसंबर) को सर्वोच्च न्यायालय ने धारा 370-35ए को बहाल करने संबंधित 23 याचिकाओं पर अपना फैसला सुना दिया। पांच न्यायाधीशों की संविधान खंडपीठ ने एकमत होकर मोदी सरकार द्वारा 5 अगस्त 2019 को उपरोक्त धाराओं के संवैधानिक क्षरण को न्यायोचित बताया। अदालत के विस्तृत फैसले का मर्म यह है कि धारा 370 एक अस्थायी प्रावधान था, जम्मू-कश्मीर के पास कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं थी, राष्ट्रपति को धारा 370-35ए हटाने का अधिकार था और लद्दाख को अलग करने का निर्णय भी वैध था। इस पृष्ठभूमि में देश का एक राजनीतिक-वैचारिक वर्ग, जोकि इन धाराओं का प्रत्यक्ष-परोक्ष समर्थक है— वह अदालत के फैसले से हताश है और उसे ह्यमौत की सजाह्न बता रहा है। वास्तव में, शीर्ष अदालत का निर्णय राष्ट्रीय विचारधारा की भी विजय है, जिसने दशकों तक देश के एकीकरण हेतु, राष्ट्रहित के लिए और जिहादी-वामपंथी दर्शन के खिलाफ सतत संघर्ष किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनसंघ (अब भाजपा) प्रारंभ से धारा 370-35ए के खिलाफ आंदोलित रहे है। जहां नवंबर 1947 में संघ के प्रारंभिक चिंतकों में से एक— बलराज मधोक ने प्रजा परिषद की स्थापना करके जम्मू-कश्मीर को मिले विशेषाधिकार का विरोध किया, तो जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ह्यएक देश में दो निशान, दो विधान नहीं चलेंगेह्न नहीं चलेंगेह्न नारा देकर भारत में जनजागरुकता अभियान चलाया। इसी दौरान वर्ष 1953 में डॉ.मुखर्जी कश्मीर में गिरफ्तार कर लिए गए और पुलिस हिरासत में अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। उसी वर्ष से आरएसएस अबतक 27 संकल्प-पत्र पारित कर चुका है, जिसमें इन धाराओं से विघटन-अलगाव को बढ़ावा, तो भ्रष्टाचार को प्रोत्साहन मिलने की बात कही गई और जम्मू-कश्मीर को एक संघ शासित प्रदेश में बदलने का आग्रह आदि भी किया गया। इस दिशा में आरएसएस का अंतिम संकल्प वर्ष 2020 में आया था, जिसमें 5 अगस्त 2019 को धारा 370-35ए का संवैधानिक क्षरण करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीतिक इच्छाशक्ति की प्रशंसा की गई थी।

समय सीमा से पूरे करायें पर्यटन विकास कार्यः डीएम

पचास लाख लागत से अधिक निर्माण कार्यों की हुई समीक्षा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने पचास लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों एवं रुर्बन मिशन के निर्माण कार्यों की समीक्षा में कहा कि अंतराज्यीय /अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर दोलेन व चार लेन मार्ग पर गेट व प्रकाश व्यवस्था, पुलों के निर्माण, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरगढ़ निर्माण, सर्किट हाउस निर्माण, नवीन थाना सरधुआ, विकास भवन निर्माण, ट्रांजिट हॉस्टल निर्माण, राजकीय पॉलिटेक्निक मानिकपुर, ड्रग वेयरहाउस, नगर पंचायत भवन मऊ निर्माण, नवीन संकेत जूनियर हाईस्कूल निर्माण, पर्यटन विकास कार्य, राजकीय आईटीआई, परिक्रमा मार्ग पर्यटन विकास, पथ प्रकाश व्यवस्था, बाल्मीकि आश्रम में सांस्कृतिक केंद्र भवन निर्माण, जिला चिकित्सालय में अग्निशमन, चैपड़ा तालाब का सुन्दरीकरण, भरतकूप मंदिर पर लाइट, श्रीराम वाटिका इको पार्क गणेश बाग, तुलसीदास जन्मस्थली राजापुर के पर्यटन विकास कार्य, ऋषियन आश्रम, दशरथ घाट पर्यटन विकास, राजकीय इंटर कॉलेज अशोह निर्माण, मारकुंडी, रैपुरा, पहाड़ी, बहिलपुरवा, कोतवाली कर्वी, बरगढ़,. मानिकपुर, पुलिस लाइन आदि स्थानों पर बैरक एवं हॉस्टल निर्माण, रेस्क्यू सेंटर निर्माण, तुलसी वॉटरफॉल पर्यटन विकास, नवीन थाना भरतकूप के आवासीय निर्माण, गोवंश बिहार ऐलहा बढैया, बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल आदि निर्माण कार्यों बाबत कार्यदाई संस्थाओं से बिन्दुवार चर्चा की।

निर्माण कार्यों की समीक्षा करते डीएम।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में जो भी निर्माण कार्य हो रहे हैं, शासन की मंशानुसार समय सीमा के भीतर पूरे करायें। जिन कार्यदाई संस्थाओं के कार्यों की अभी सीएमआईएस पर फीडिंग नहीं हुई, एक सप्ताह में करायें। रुर्बन मिशन निर्माण कार्यों पर कहा कि जो कार्य शेष हैं, उन्हें तत्काल पूरे कराकर संबंधित विभागों को हैंड ओवर करायें।

बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, सीओ लाइन्स राजकमल, डीडीओ आरके त्रिपाठी, सीएमएस डॉ सुधीर कुमार, सीबीओ डॉ सुभाष चंद्र, एक्सईएन लोनिवि प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, निर्माण खंड कृष्ण कुमार, आवास विकास विकास कुमार, बीएसए लव प्रकाश यादव, डीआईओएस संतोष कुमार मिश्रा, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा पाल, डीपीओ पीडी विश्वकर्मा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

इमारत ढहने पर व्यापारी नेताओं ने नहीं जताया विरोध

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लालजी यादव ने मराठा कालीन ऐतिहासिक धरोहर को ढहाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी।

शुक्रवार को नगर पालिका के पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि नगर पालिका के चयनित वार्ड मेम्बरों ने भी ऐतिहासिक इमारत ढहाने का विरोध नहीं जताया। किसी भी शहर की ऐतिहासिक इमारत धरोहर होती है। पुरानी कोतवाली कर्वी की इमारत भी एक सांस्कृतिक विरासत थी, बडे दुख का विषय है इमारत का ढहाना, नगर पालिका के लिए फैसले के विरोध में खड़े होने की क्षमता किसी में नहीं है। इसीलिए ऐतिहासिक इमारत को गिरते देख किसी की आंख में आंसू तक नहीं आये। नगर वासियों के लिए ये शर्म की बात है। किसी व्यापारी संगठन ने भी इसका विरोध नहीं जताया और न आवाज उठाई। नगरवासी खुद देखें कि नगर पालिका उनका कितना हितैषी है। लोगों के घर की सीढी जब नगर पालिका गिराती है तो लोग एडी-चोटी का जोर लगाकर विरोध जताते हैं।

पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव।

17 से 25 तक होगा टूनार्मेन्ट

चित्रकूट। चित्रकूट चैलेंज कप 2023 17 से 25 दिसम्बर तक सुरेन्द्रपाल ग्रामोदय विद्यालय खेल परिसर में होगा। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चित्रकूट स्पोर्ट्स क्लब कर्वी नेशनल क्रिकेट टूनार्मेन्ट महिला-पुरुष का आयोजन कर रहा है। शुभारम्भ 17 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे व समापन 25 दिसम्बर को अपरान्ह साढे तीन बजे होगा।

जिला जेल में बन्दी की मौतः महिला को जिंदा जलाने का था आरोपी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला जेल में हत्या के आरोप में बन्द जुम्मन की मृत्यु पर परिजनों ने जेल प्रशासन पर मौत की जिम्मेदारी का आरोप लगाया है।

शुक्रवार को जिला जेल में 2018 से बन्द कर्वी कोतवाली क्षेत्र के लोढवारा गांव स्थित काशीराम कालोनी के जुम्मन की आज जेल में मृत्यु हो गई। उसने 2018 में एक महिला पर मिट्टी का तेल डालकर जिन्दा जला दिया था। इस मामले में वह जेल में निरुद्ध था। उसका मामला कोर्ट में चल रहा था। जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय ने बताया कि शुक्रवार को सवेरे पांच बजे अचानक उसकी तबियत खराब होने पर जेल में डॉक्टरों को सूचना दी गई। जेल में बने अस्पताल में उसे भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार पर हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल भेजा। इलाज दौरान उसकी मृत्यु हो गई। जुम्मन के परिजनों को जिला प्रशासन से मृत्यु की सूचना मिली कि जुम्मन की हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई है। इस बाबत कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय ने बताया कि जेल में बन्द कैदी की मृत्यु पर पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। मृतक के परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हादसे के आरोपी को हुआ 25 सौ का जुमार्ना

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सूबे के पुलिस महानिदेशक के निर्देश में जारी ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने के पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निदेर्शों के अनुपालन में थानाध्यक्ष भरतकूप सुबेदार बिन्द व पैरोकार रामकुमार की पैरवी से न्यायालय ने सड़क हादसे के आरोपी को 25 सौ रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। शुक्रवार को अभियोजन अधिकारी पीयूष कुमार यादव ने बताया कि प्रभावी बहस के चलते सिविल जज जूनियर डिवीजन सुश्री विदुषी मेहा ने पहाड़ी थाने में दर्ज हादसे के आरोपी चुन्नीलाल यादव पुत्र भागवत प्रसाद निवासी बेलौंहन पुरवा रुकमा खुर्द थाना बहिलपुरवा को 25 सौ रूपए के जुमार्ना से दंडित किया है।

रोजगार के नाम पर गरीबों से लाखों वसूलने वाले चार दबोचे

पत्रकारों से बात करते एएसपी।

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में थाना मारकुंडी व एसओजी की टीम ने गरीब लोगों व महिलाओं को रोजगार का लालच देकर जालसाजी कर लाखों रुपये वसूलने वाले चार लोगों को दबोचा है।

शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने पत्रकारों को बताया कि 14 दिसम्बर को थाना मारकुण्डी में प्रहलाद विश्वकर्मा पुत्र शिव प्रसाद निवासी डोडामाफी ने तहरीर दी कि कुछ लोग गरीब जनता व महिलाओं को रोजगार का लालच देकर जालसाजी कर लाखों रुपये वसूल रहे हैं। पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्जकर श्याम महतो पुत्र महेन्द्र महतो निवासी रीगापिपरा थाना रीगा जिला सीतामढी बिहार, अरविन्द रजक पुत्र शंकर रजक निवासी विशुनपुर थाना टढवा जिला औरंगाबाद बिहार, अनिल रजक पुत्र अगनू निवासी खुजरी टीका जिला औरंगाबाद बिहार व कमल पासवान पुत्र त्रिवेणी पासवान निवासी बेगाही थाना टढवा जिला औरंगाबाद बिहार के नाम दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साक्ष्य संकलन व आरोपियों की गिरफ्तारी को मारकुण्डी पुलिस को निर्देश दिए। पुलिस ने मुखबिर की निशानदेही पर मजरा दीपू कोलान किहुनिया से पुलिस व एसओजी टीम ने गिरफ्तार किया। दबोचे लोगों के कब्जे से चार आधार कार्ड, एक एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, 80 बिजटिंग कार्ड, चार मोबाइल फोन व 59100 रुपये बरामद किये। पूंछतांछ में आरोपियों ने बताया कि वे कई दिनों से मारकुण्डी क्षेत्र के गांवों में घूमकर मोगरा अगरबत्ती में रोजगार देने के नाम पर प्रति व्यक्ति से छह सौ रुपये पंजीयन शुल्क वसूलकर उन्हें प्लास्टिक की एक चटाई देकर कहते थे कि चटाई पर माल रखकर मोगरा अगरबत्ती की पैकेजिंग करनी है। चारो लोगों ने क्षेत्र के सैकड़ो लोगों से पंजीयन के नाम पर धन वसूली की थी। छेरिहा खुर्द गांव जाते समय पुलिस ने दीपू कोलान से दबोच लिया है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार, दरोगा प्रभाशंकर सचान, दरोगा अली अहमद, सिपाही शुभम द्विवेदी व स्वाट टीम के प्रभारी स्वाट/सर्विलांस टीम एमपी त्रिपाठी, सिपाही रोहित सिंह, रोशन सिंह, पवन कुमार शामिल रहे।

पत्रकारों से वार्ता करते एसएसपी।

सड़क सुरक्षा पखवाडा में जिपं अध्यक्ष ने दिलाई शपथ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। प्रदेश शासन के निर्देश पर 15 से 31 दिसम्बर तक द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा चलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख व सीओ यातायात राज कमल की अगुवाई में प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह ने सड़क सुरक्षा दौरान शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने हरीझंडी दिखाकर किया।

शुक्रवार को सडक सुरक्षा के तहत लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक कर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। सड़क सुरक्षा पखवाडा के दूसरे चरण दौरान सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, भाजपा नेता सुनील पटेल, अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक लि पंकज अग्रवाल, एआरटीओ प्रवर्तन विवेक शुक्ला, एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार, पीटीओ संतोष तिवारी की मौजूदगी में सडक सुरक्षा की शपथ दिलाई।

शपथ दिलाते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि सभी लोगों को सडक सुरक्षा के प्रति ध्यान देना चाहिए। यातायात नियमों का ध्यान देकर सडक हादसों से बचा जा सकता है। सरकार सडक सुरक्षा में लाखों रुपये लोगों की जागरूकता को खर्च करती है। इसका लाभ प्रत्येक नागरिक को लेना चाहिए। सडक सुरक्षा सभी लोगों की सुरक्षा के लिए है।

हरीझंडी दिखाते जिला पंचायत अध्यक्ष।

अवैध टैक्सी स्टैंड के जाम से लोग परेशान

राजापुर/चित्रकूट। राजापुर कस्बे में अवैध टैक्सी स्टैंड संचालकों के चलते सड़कों पर जाम के झाम से लोग खासे परेशान हैं।

शुक्रवार को राजापुर कस्बे के लूप लाइन, बाईपास, छिबो रोड समेत अन्य सड़को पर अवैध टैक्सी स्टैंड के चलते आए दिन सड़कों पर जाम लगने से लोग खासे परेशान हैं। व्यापारियों ने कहा कि अवैध टैक्सी स्टैंड संचालक प्रति डग्गामार वाहन से 30 से 50 रुपये प्रति चक्कर लेकर टैक्सी खड़ी करवाते हैं। इससे आए दिन जाम लगता है। सभी टैक्सी स्टैंड संचालक पुलिस की मिलीभगत से टैक्सी स्टैंड चला रहे हैं। इस बारे में राजापुर एसएचओ मनोज कुमार ने बताया कि अवैध टैक्सी स्टैंडों के खिलाफ अभियान चलाकर चालान किया जायेगा।

दुष्कर्म-पाक्सो एक्ट में आरोपी को हुई दस वर्ष की सजा, 40 हजार का जुमार्ना भी हुआ

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। सूबे के पुलिस महानिदेशक के निर्देश में जारी ऑपरेशन कन्विक्शन व मिशन शक्ति अभियान के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निदेर्शों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी व पैरोकार आनन्द कुमार ने दुराचार आरोपी को न्यायालय से दस वर्ष की सजा व 40 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित कराया।

शुक्रवार को जिला शासकीय अधिवक्ता विशेष पॉक्सो एक्ट तेज प्रताप सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट विनीत नारायण पाण्डेय ने मऊ थाने में दर्ज दुष्कर्म-पाक्सो एक्ट के आरोपी राज पाण्डेय पुत्र स्व रज्जन पाण्डेय निवासी बरिया को दस वर्ष की सजा व 40 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

ज्ञात है कि चार जनवरी 2019 को वादिया ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकार भगाकर ले गया, उससे जबरियां दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना वरिष्ठ दरोगा कृपा शंकर मिश्र को सौंपी। विवेचक ने दस जनवरी 2019 को आरोपी को गिरफ्तार कर सात अप्रैल 2019 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। न्यायालय ने आरोपी को दोषसिद्ध करार देते हुए सजा सुनाई।

दौड़ में साबरमती व अजय ने बाजी मारी

रामनगर, चित्रकूट। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की आयोजित खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता महात्मा ज्योतिबारावफुले इंटर कॉलेज के मैदान में हुईं। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह व शैलेंद्र कुमार ने 100 मीटर दौड को हरी झंडी दिखा खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सब जूनियर वर्ग चक्का फेंक में द्रोण कुमार द्विवेदी, जूनियर वर्ग में दिनेश कुमार, सीनियर वर्ग में सौरभ पांडेय, सब जूनियरवर्ग गोलाफेंक में पप्पू, जूनियर में दिनेश कुमार, सीनियर में सौरभ पांडेय, आदि मौजूद रहीं।

मऊ-बियावल सडक विकास को दिखा रही आईना

गड्ढा मुक्त अभियान की खोल रही पोल

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। मऊ-मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र के मऊ बियावल संपर्क मार्ग में जगह-जगह सड़कें जलमग्न हैं। सडकों में गड्ढों की तस्वीरें गड्ढा मुक्त अभियान की पोल खोल रही हैं। शुक्रवार को मऊ बियावल संपर्क मार्ग विकास को आईना दिखा रहा है। बियावल संपर्क मार्ग अपनी बेबसी पर आंसू बहा रहा है। इसी रोड में जगह-जगह जलभराव होने से लोगों को दिक्कतें हो रही है। जलभराव की समस्या कई वर्षों से बदस्तूर जारी है। मवई बियावल संपर्क मार्ग में जगह-जगह गड्ढों में पानी भरा है। राहगीरों को आवागमन में दिक्कतें हो रही है।

गौरतलब है कि दर्जन भर से अधिक गांवों के लोग इसी मार्ग से मऊ आते हैं, मैदाना मोड़ से लेकर इंटर कॉलेज मऊ तक एक किमी सड़क में जगह-जगह कीचड़ व जलभराव होने से अक्सर लोग गिरकर चोटहिल हो जाते हैं। जुलाई में स्कूल खुलने से बच्चे इसी दुर्गम रास्ते से चुनौतियों का सामना करते हुए मजबूरी में आते-जाते हैं। व्यापारी नरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि रास्ता इतना खराब है कि लोग संभल-संभल कर चलते है, फिर भी चोटहिल हो जाते हैं।

सडक में भरा कीचड युक्त पानी।

नानाजी से मिलती रही राष्ट्रसेवा की प्रेरणाः डिप्टी सीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नानाजी कहते थे कि जिस दिन गांव जाग जाएंगे, उस दिन दुनिया जाग जाएगी। वह राजनीतिक अनुभव, सामाजिक दृष्टिकोण से कहते थे। उन्होंने जो कहा, करके भी दिखाया। श्रद्धेय नानाजी के विचार हमारे बीच मौजूद हैं।

शुक्रवार को सियाराम कुटीर में मप्र के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने डिप्टी सीएम पद की शपथ बाद पहली बार चित्रकूट आगमन पर नानाजी को श्रद्धांजलि दी। नानाजी के साथ बिताए पलों को याद कर भाव-विभोर हो उठे। शुक्ला के दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन के साथ मित्रवत संबंध है। महाजन इन दिनों सेवा इंटरनेशनल यूके की एनआरआई की विशेष आटो रिक्शा रैली में यात्रा का प्रतिनिधित्व कर रहे है। उनकी गैरमौजूदगी में दीनदयाल शोध संस्थान के उप महाप्रबंधक डॉ अनिल जायसवाल ने डिप्टी सीएम का शाल-श्रीफल देकर अभिनन्दन किया। शुक्ला ने नानाजी के कक्ष में जाकर श्रद्धा पुष्प अर्पित किए। कुछ देर नानाजी के कक्ष में बैठकर उनके साथ बिताए पलों को याद किया। डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला ने बताया कि नानाजी के जीवन से उन्हें राष्ट्र सेवा की प्रेरणा मिलती रही है।

नानाजी को श्रद्धांजलि देते डिप्टी सीएम।

सरकार की योजनाओं का लें लाभ

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। *मऊ ब्लाक के टिकरा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी ठाकुर अमन सिंह बघेल एड व मऊ ब्लॉक के एडीओ पंचायत अनुराग पांडे की मौजूदगी में लोगों को केन्द्र व प्रदेश सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।*

शुक्रवार को अमन सिंह एड ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कहा कि सरकार की योजनाओं का पात्र लाभ लें। इस मौके पर जेई राकेश कौशल, ग्राम पंचायत अधिकारी अलखनंदा खन्ना, प्रधान रामआसरे आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

स्वागत करते एडीओ पंचायत।

सिंचाई कर लौटे किसान की बिगड़ी तबियत, मौत

चित्रकूट। खेत की सिंचाई कर लौटे किसान की तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। परिजनों ने ठंड लगने से मौत होने की बात कही। सूचना मिलते ही लेखपाल व कानूनगो पहुंचकर मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। भरतकूप थाना क्षेत्र के भैसौंधा निवासी छेदीलाल यादव ने बताया कि उसका छोटा भाई जुगुल किशोर यादव (40) बुधवार की रात्रि को घर से एक किलोमीटर दूर खेत पर सिंचाई करने गया था। रात्रि को वापस घर आने पर उसे अचानक ठंड व उल्टी दस्त की शिकायत होने पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

सडक सुरक्षा की प्राचार्य ने दिलाई शपथ

अखंड भारत संदेश

द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा शुरू

चित्रकूट। गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चैधरी ने किया। विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा बाबत शपथ दिलाई। प्राचार्य डॉ विनय कुमार चैधरी ने कहा कि सभी को खासतौर से पैदल चलने वाले लोगों को सतर्क रहना चाहिए। सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए।

शुक्रवार को प्राचार्य विनय चैधरी ने कहा कि पैदल यात्री सड़क हादसे के लिए जिम्मेदार होते है, क्योंकि लापरवाही से यातायात नियमों पर ध्यान नहीं देते। सभी लोग सडक पर चलने दौरान सतर्क रहें। सड़क सुरक्षा प्रभारी डा गौरव पाण्डेय ने कहा कि सडक हादसा खतरनाक होता है। हमेशा सड़क पर चलने को जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करें। आंखों-कानों को खोलकर चारों ओर से आती आवाज को सुन सकें। सह प्रभारी डा मुकेश कुमार ने विद्यार्थियों को हेलमेट की उपयोगिता के बारे में बताया। महाविद्यालय में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता भी हुआ। विद्यार्थियों को अभिभावकों से आगामी चुनाव में मतदान को प्रेरित किया।

पाकिस्तान में हिली धरती, 4.2 तीव्रता का भूकंप आया



नई दिल्ली/इस्लामाबाद। पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में आज (शुक्रवार) सुबह 9:13 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.2 मापी गई। यह जानकारी नई दिल्ली में नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने दी है।

एनसीएस के अनुसार पाकिस्तान से अभी तक जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पाकिस्तान में चार दिसंबर को भूकंप के झटके महसूस किए थे।

बिलावल भुट्टो को पीपीपी ने प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने गुरुवार को पार्टी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो को आम चुनाव में प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी ने कहा कि बिलावल भुट्टो के पिता आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। पीपीपी ने यह घोषणा पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएन-एल) पार्टी द्वारा हाल में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार होने का ऐलान किये जाने के बाद किया है। मीडिया को संबोधित करते हुए पीपीपी के सूचना सचिव फैसल करीम कुंडी ने कहा कि बिलावल प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे और ह्यह्यहमारी यह इच्छा कि हम 2008 को फिर से दोहराएं और आसिफ जरदारी को राष्ट्रपति बनाएं। उन्होंने कहा कि पीपीपी चुनाव के लिए ह्यह्यपूरी तरह से तैयार
है।

आसिफ जरदारी वर्ष 2008 में हुए चुनावों के बाद पाकिस्तान के राष्ट्रपति बने थे और वह 2013 तक इस पद पर रहे थे। बिलावल ने अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक विदेश मंत्री के रूप में कार्य किया था।

पाकिस्तान ने अफगान शरणार्थियों की वापसी की समय सीमा बढ़ाई

इस्लामाबाद। अंतरराष्ट्रीय दबाव के बीच अफगान नागरिकों की स्वदेश वापसी और पश्चिमी देशों में भेजे जाने की समय सीमा को पाकिस्तान ने 29 फरवरी तक बढ़ा दी है। यह फैसला अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि थामस वेस्ट के पाकिस्तान दौरे के बाद लिया गया है। थामस वेस्ट ने पाकिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी से मुलाकात की। इसके एक सप्ताह के बाद कार्यवाहक सूचना मंत्री मुर्तजा सोलंगी ने कहा, यह फैसला अफगान नागरिकों को स्वदेश और किसी पश्चिमी देश में जाने के लिए पर्याप्त समय देने के उद्देश्य से लिया गया है। इस फैसले से शरणार्थियों को वैद्य कानूनी दस्तावेज प्राप्त करने में भी सुविधा मिलेगी। बिना दस्तावेज वाले अफगान शरणार्थियों को दूसरे देशों में भेजने के लिए पाकिस्तान पुनर्वास योजना बना रहा है। इसी संबंध में बुधवार को कैबिनेट की बैठक हुई। बता दें कि संयुक्त राष्ट्र ने बिना दस्तावेज वाले अफगान शरणार्थियों को जबरन पाकिस्तान से निकाले जाने की आलोचना की है।

नेपाल के पूर्व गृहमंत्री बालकृष्ण खांड को सात महीने बाद मिली जमानत

काठमांडू। नेपाली नागरिकों को फर्जी भूटानी शरणार्थी बनाकर अमेरिका भेजने के आरोप में पिछले सात महीने से जेल में बंद नेपाल के पूर्व गृहमंत्री बालकृष्ण खांड को पाटन उच्च न्यायालय से गुरुवार को जमानत मिल गई। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश कृष्णराम कोइराला की बेंच ने जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए 30 लाख रुपये के मुचलके पर जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। पिछली बार उच्च न्यायालय के ही दो जजों की बेंच में खांड को जमानत पर रिहा करने को लेकर एक राय नहीं बन पाई थी। उस समय एक न्यायाधीश ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था, लेकिन दूसरे ने इससे असहमति जताते हुए तीसरे न्यायाधीश को बेंच में शामिल करने का फैसला दिया था। दो न्यायाधीशों के फैसले में असहमति के बाद आज तीसरे न्यायाधीश ने इस मामले में फैसला सुनाया।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

ईरान में रस्क पुलिस मुख्यालय पर आतंकी हमला, 11 की मौत

तेहरान। ईरान के रस्क पुलिस मुख्यालय पर रात करीब दो बजे हुए आतंकी हमले में वरिष्ठ पुलिस अफसरों समेत 11 लोग मारे गए। हमले में कई लोग घायल बताए जा रहे हैं।

प्रमुख अखबार तेहरान टाइम्स के अनुसार, रस्क पुलिस मुख्यालय दक्षिण-पूर्वी ईरान में है। सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत के डिप्टी गवर्नर अली रेजा मरहेमाती ने शुक्रवार को कहा कि यह स्थान तेहरान से लगभग 1,400 किलोमीटर दूर है। इस हमले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और कई अन्य सैनिक मारे गए। मरहेमाती ने इस हमले के लिए आतंकवादी समूह जैश-अल-अदल को जिम्मेदार ठहराया है। इससे पहले जैश अल-अदल ने एक बस पर

आत्मघाती बम विस्फोट की जिम्मेदारी ली थी। विस्फोट में ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड के 27 सदस्य मारे गए थे।

अखबार ने मरहेमाती के हवाले से कहा है कि जवाबी कार्रवाई में कई आतंकवादी मारे गए। पुलिस प्रवक्ता ने घात लगाकर किए गए हमले को "कायरतापूर्ण और आतंकवादी हमला" कहा है।

वेस्ट बैंक में इजराइली सैनिकों की छापेमारी में 11 फलस्तीनियों की मौत

वेस्ट बैंक। इजराइली सेना की गुरुवार को वेस्ट बैंक में की गई छापेमार कार्रवाई में 11 फलस्तीनी नागरिक मारे गए। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों बताया कि वेस्ट बैंक के जेनिन में इजराइली सैनिकों ने छापेमारी की, जिसमें कम से कम 11 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। साथ ही कई लोगों को गिरफ्तार किया गया।

फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उत्तरी वेस्ट बैंक में इजराइली ऑपरेशन के दौरान एक जख्मी युवक की मौत हुई। साथ ही रात में दो फलस्तीनियों की मौत हुई थी। वहीं, इजरायली सेना ने कहा कि 12 दिसंबर को शुरू हुए ऑपरेशन में कई जगहों पर तलाशी ली गई और सैकड़ों संदिग्धों से पूछताछ की गई।

इजरायली सेना ने कहा कि उन्होंने छह विस्फोटक प्रयोगशालाओं, भूमिगत सुरंग शाफ्ट और विस्फोटक उपकरणों को नष्ट किया है। फलस्तीनी कैदी क्लब एडोवोकेट समूह ने कहा कि 12 दिसंबर की सुबह छापेमारी शुरू होने के बाद से इजराइली सैनिकों ने सैकड़ों नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से अधिकांश को रिहा कर दिया गया है।

जेनिन में फलस्तीनी रेड क्रिसेंट के निदेशक महमूद अल-सादी ने बताया कि इजरायल मरीजों को ले जाने वाले एम्बुलेंस को कैंप में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे पास छह एम्बुलेंस हैं, लेकिन हम उन मरीजों तक भी नहीं पहुंच सकते, जिन्हें अस्पताल ले जाने की जरूरत है, जिनमें से कुछ को डायलिसिस की जरूरत है।

इधर, सेना ने अपने बयान में कहा कि विस्फोटों और गोलीबारी के कारण चार सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए। सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो में देखा गया कि सैनिकों ने एक मस्जिद पर कब्जा कर लिया, जहां दूर से छिटपुट गोलीबारी की आवाजें सुनी जा सकती थीं।

यूक्रेन को सदस्यता देने के लिए यूरोपीय संघ वार्ता शुरू करने पर हुआ सहमत, कीव को मिली अप्रत्याशित सफलता

ब्रसेल्स। यूक्रेन को यूरोपीय संघ में शामिल होने की दिशा में गुरुवार को एक बड़ी सफलता उस समय मिली जब यूरोपीय संघ के नेताओं ने इस संबंध में सदस्यता वार्ता शुरू करने पर सहमति जताई। यह यूक्रेन के लिए एक बड़ी राजनीतिक जीत है। वह भी ऐसे समय में जब रूस का हमला लगातार बढ़ता जा रहा है और अमेरिकी सैन्य सहायता भी अनिश्चित हो गई है। यूरोपीय संघ के राजनयिकों और अधिकारियों ने कहा कि वार्ता के लिए अप्रत्याशित हरी झंडी हंगरी के प्रधान मंत्री विक्टर ओर्बन ने दी है। जिन्होंने इससे पहले कहा था कि वह इस तरह के समझौते को रोक देंगे। ओर्बन ने पुष्टि की कि वह यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में मतदान से दूर रहे थे, जिसे उन्होंने "खराब निर्णय" कहा था। इस स्तर पर यह स्पष्ट नहीं था कि बदले में उसे वास्तव में क्या मिल सकता है। ऐसे में इस तरह के निर्णय को मंजूरी देने को असामान्य माना जा रहा है। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा, यह यूक्रेन के लिए एक जीत है। पूरे यूरोप के लिए एक जीत है। एक जीत जो प्रेरित करती है, प्रेरणा देती है और मजबूत करती है। जेलेंस्की ने कहा कि मैं इस दिन प्रत्येक यूक्रेनी को बधाई देता हूं... इतिहास उन लोगों द्वारा बनाया जाता है जो स्वतंत्रता के लिए लड़ते हुए नहीं थकते। यूक्रेन को रूसी सेनाओं के खिलाफ लगभग दो साल से जारी युद्ध में अपने पश्चिमी सहयोगियों के समर्थन की सख्त जरूरत है। हाल ही में यूक्रेन बाइडन प्रशासन की तरफ से यूक्रेन को मिलने वाला 60 बिलियन डॉलर का सहायता पैकेज नहीं मिल सका था। यूरोपीय आयोग के प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि यह "एक रणनीतिक निर्णय और एक ऐसा दिन है जो हमारे संघ के इतिहास में अंकित रहेगा।

उन्होंने कहा, "लेकिन 26 सदस्य देश इस बात पर अड़े थे कि यह निर्णय अवश्य लिया जाना चाहिए, इसलिए हंगरी ने निर्णय लिया कि यदि 26 सदस्य ऐसा निर्णय लेते हैं, तो उन्हें अपने रास्ते पर जाना चाहिए और हंगरी इस बुरे निर्णय में भाग नहीं लेना चाहता है।"

नेपाली कांग्रेस में टकराव बढ़ा, देउबा को संसदीय दल के नेता पद से हटाने की मुहिम तेज

काठमांडू। नेपाल की प्रचंड सरकार की सबसे बड़ी सहयोगी नेपाली कांग्रेस में टकराव बढ़ता ही जा रहा है। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउबा को पार्टी संसदीय दल के नेता पद से हटाने की मुहिम तेज हो गई है। इस मुहिम का नेतृत्व पार्टी महासचिव गगन थापा कर रहे हैं। गगन थापा ने पार्टी के विरोधी गुट की बैठक में संसदीय दल के नेता पद से शेरबहादुर देउबा को हटा कर वरिष्ठ नेता शेखर कोइराला को इस पद पर नियुक्त किए जाने का प्रस्ताव रखा है। थापा ने कहा कि देउबा को संसदीय दल के नेता पद से हटा कर सत्तारूढ़ सीपीएन (एमसी) के साथ गठबंधन को तोड़ना चाहिए। उन्होंने देउबा पर सत्ता के लिए कम्युनिष्ट दलों के साथ मिलकर पार्टी को कमजोर करने का आरोप लगाया है।

थापा ने आरोप लगाया कि देउबा पूरी पार्टी के लिए काम करने की बजाए कुछ चुनिंदा लोगों के फायदे के लिए काम कर रहे हैं। पार्टी को कमजोर होने से बचाने और देश को कम्युनिस्ट दलों के चंगुल से छुटकारा दिलाने के लिए संसदीय दल के नेता पद से देउबा को हटाया जाना जरूरी है। नेपाली कांग्रेस के महासचिव थापा ने कहा कि सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद सत्ता का नेतृत्व तीसरी बड़ी पार्टी यानी सीपीएन (एमसी) को देना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कम्युनिस्ट को अपने एजेंडे पर लाने के बजाए देश की एकमात्र और सबसे पुरानी लोकतांत्रिक पार्टी सीपीएन (एमसी) के एजेंडे पर चल रही है।

उल्लेखनीय है कि नेपाली कांग्रेस के पिछले महाधिवेशन में पार्टी अध्यक्ष के लिए शेरबहादुर देउबा के सामने शेखर कोईराला उम्मीद्वार थे, जबकि संसदीय दल के नेता पद के लिए हुए चुनाव में स्वयं महासचिव गगन थापा उम्मीद्वार थे। देउबा ने कोईराला को संसदीय दल के नेता पद के चुनाव में हरा दिया था। अब पार्टी के भीतर की गुटबाजी एक बार फिर खुल कर सामने आ गई है। नेपाली कांग्रेस सीपीएन(एमसी) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन का प्रमुख घटक दल है। देश की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में नेपाली कांग्रेस के 88, सीपीएन (एमसी) के 30 और सीपीएन (यूएमएल) के 78 सदस्य हैं।

इमरान खान को तोशाखाना मामले में दो दिन की एनएबी की हिरासत में भेजा गया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को गुरुवार को दो दिन के लिए राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) की हिरासत में भेज दिया।

इससे पहले दिन में विरोध प्रदर्शन करने में इमरान खान के वकील और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के एक नेता को लाहौर उच्च न्यायालय के बाहर गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में खान (71) पर तोशाखाना नियमों के उल्लंघन का आरोप है। पाकिस्तान के शीर्ष नेताओं को विदेश यात्रा के दौरान मिलने वाले उपहारों को तोशाखाना में रखा जाता है।

इमरान का यह वकील उच्चतम न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ वकीलों की हड़ताल में भाग ले रहा था, जिसमें नौ मई की हिंसा में कथित रूप से शामिल नागरिकों पर मुकदमा चलाने की सैन्य अदालतों को अनुमति दी गयी है।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस के मुताबिक पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं वकील शेर अफजल मारवत को लोक व्यवस्था अध्यादेश के तहत गिरफ्तार किया गया।

गाजा में हमास की कमर टूटी, आत्मसमर्पण के लिए मजबूर

गाजा। इजराइल के आक्रामक सैन्य अभियान ने फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास की कमर तोड़ कर रख दी है। गाजा पट्टी में छिड़े युद्ध के 70वें दिन शुक्रवार को भी हमास के आतंकवादियों का हथियार डालने का सिलसिला जारी है। अब तक सैकड़ों आतंकवादी समर्पण कर चुके हैं। इजराइली सैन्य बलों ने कमल अदवान अस्पताल के पास मुठभेड़ में हमास के कई गुर्गों को मार गिराया।

प्रमुख अखबार द यरुशलम पोस्ट के अनुसार, इजरायल-हमास युद्ध आज 70वें दिन में प्रवेश कर गया। हमास के आतंकवादी बड़े समूहों में आईडीएफ के सैनिकों के सामने आत्मसमर्पण कर रहे हैं। आज सुबह भी हमास के आतंकवादियों ने हथियार डाल दिए। अखबार के अनुसार इजराइल रक्षा बलों के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल जोनाथन कॉनरिकस ने कहा है कि गाजा में इजराइल भारी कीमत चुका रहा है, लेकिन उसका लक्ष्य अटल है।

इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कमल अदवान अस्पताल के क्षेत्र में हमास की एक इमारत से बड़ी संख्या में हथियार मिले हैं। यहां मुठभेड़ में सैनिकों ने कई आतंकवादियों को मार गिराया।

आईडीएफ के अनुसार, बड़ी संख्या में पहुंचे सैनिकों को देखकर हमास के आतंकवादी घबरा गए। इस दौरान 70 से अधिक आतंकवादी हथियार लेकर अस्पताल से बाहर निकल आए। उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। बाद में इनको पूछताछ के लिए खुफिया निदेशालय की यूनिट 504 भेज दिया गया।

आईडीएफ ने कहा है कि इस दौरान उसे आतंकी संगठन हिजबुल्लाह से लोहा लेना पड़ रहा है। हिजबुल्लाह ने पांच रॉकेट दागे । इनमें से एक रॉकेट लेबनान से दागा गया। वह अब तक सैकड़ों रॉकेट और मिसाइलें दाग चुका है। सुरक्षा बल उसे माकूल जवाब दे रहे हैं। इस युद्ध पर अमेरिका की चिंता पर द टाइम्स ऑफ इजराइल रिपोर्ट छापी है। द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने गुरुवार को इजराइल में शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की है। सुलिवन ने तेल अवीव में इजराइली अधिकारियों से बाइडेन प्रशासन की प्राथमिकता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि व्हाइट हाउस चाहता है कि इजराइली रक्षा बल गाजा में युद्ध को कुछ हफ्ते में खत्म कर दे। हालांकि, इजराइली नेताओं ने अपनी यह प्रतिज्ञा दोहराई कि आईडीएफ आतंकवादी समूह की हार तक गाजा पट्टी में सैन्य आक्रमण जारी रखेगा।